खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :43°C
न्यूनतम :26°C


मुजफ्फरनगर, मंगलवार 26 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 128 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 8 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहे: अखिलेश पेज 2



फीफा विश्वकप से पहले मेसी के पैर में लगी चोट खेल टाइम्स



भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना: प्रगति का नया अध्याय सम्पादकीय



ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगा: ट्रम्प पेज 12

# पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर लगी आग

## पेट्रोल में ₹2.61 व डीजल में ₹2.71 की बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पेट्रोल 102.12 व डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, 10 दिन में चौथी बार बढ़े दाम



**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए हैं और दिल्ली में चार साल बाद पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार से गैर-ब्रांडेड यानी सामान्य पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। अब इसकी कीमत 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गई है। सामान्य डीजल भी अब 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। इसकी कीमत में 2.71 रुपये का इजाफा किया गया है। दोनों जीवाश्म ईंधनों का यह 21 मई 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। इस साल 15 मई से अब तक चार बार में दिल्ली में पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो चुका है। इनके दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद गत 15 मई को पहली बार बढ़ाए गए थे। दिल्ली में इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी 95 की कीमत भी 2.61 रुपये बढ़कर 109.24 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सपी की कीमत 2.71 रुपये बढ़कर 100.52 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता में पेट्रोल 2.87 रुपये और चेन्नई में 2.46 रुपये महंगा हुआ है। दोनों शहरों में इसकी नई कीमत क्रमश: 113.51 रुपये और 107.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल कोलकाता में 2.80 रुपये और चेन्नई में 2.57 रुपये बढ़कर क्रमश: 99.82 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में ठोस प्रगति के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चे तेल के दाम में चार प्रतिशत से ज्यादा गिरावट देखी गई है।

# NEET: सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को लगाई फटकार

### पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया, एनटीए, CBI व पूर्व इसरो प्रमुख वाली समिति को नोटिस जारी कर तलब किया



**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया।

कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने -शेष पृष्ठ दो पर

## कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया आंदोलन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की हालिया 'कॉकरोच' टिप्पणी के बाद उभरा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एनके गोस्वामी ने सोमवार को तर्क दिया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा रही है।

# सैनिटरी पैड व टॉयलेट न होने से लड़कियों की पढ़ाई न छूटे: कोर्ट

■ केंद्र सरकार हर तीन महीने में रिपोर्ट दे, हम निगरानी करेंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन और लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट न होने के कारण उनकी पढ़ाई नहीं छूटनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से 30 जनवरी के फैसले को पूरी तरह लागू कराने को कहा। इस मामले की प्रगति की निगरानी हर तीन महीने में करेगा। केंद्र को हर तीन महीने पर प्रोग्रेस रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से कहा कि इस फैसले का अच्छा उपयोग कीजिए। इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा छात्राओं तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। इस पर केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि 30 जनवरी के फैसले के बाद सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस दिशा में प्रयास तेज हुए हैं।

# धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार




■ हेमा मालिनी ने रिसीव किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस/सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया।

महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं। जब हेमा ने यह सम्मान रिसीव किया तो उनकी बेटी आहना की आंखों से आंसू छलक उठे।

Congratulations to all successful students of 12th class
ARYA VIDYA SABHA (REGD.) MUZAFFARNAGAR
Currently running three prestigious institutions D.A.V. Inter College, D.A.V. College Muzaffarnagar and D.A.V. (P.G.) College Self Financed Courses Nara renowned for its Values, Excellence & Quality Education
D.A.V. COLLEGE
Estd. 1950
Arya Samaj Road, Muzaffarnagar
Affiliated to : Maa Shakumbhari University, Saharanpur
COURSES OFFERED
B.Sc. Biotechnology
B.C.A. B.B.A. B.Com. B.F.A.
M.Sc. Biotechnology Microbiology Biochemistry Computer Science
M.A. English, Economics Drawing & Painting Sociology Psychology
LL.M. Master of Law
B.A., B.Sc, B.Ed, LL.B M.Sc ( Phy, Chem, Math, Stat) M.Sc (Zool, Bot)
Admission Open Session 2026-27
BBA 9759725668, 9690011701 BFA 9927963040, 7505698124 BCA 8126432206, 9897158098 B.Com 8439185256, 8445263829
B.Sc. (Biotechnology) 9457938268, 9760838512 LL.M. 8864972220 M.Sc. (Biotech, Micro, Biochem) 9457938268
M.Sc. (Comp. Science) 9897158098 M.A. (Eng.) 9897163223, 9997552915 M.A. (Sociology) 9897507988
M.A. (Economics) 7351140334 M.A. (Drg. & Ptg.) 9897261508 M.A. (Psychology) 8439309200
LL.M. 8864972220 B.A., B.Sc, B.Ed, LL.B, M.Sc. 9761699191
D.A.V. P.G. COLLEGE
CC-763
SELF FINANCED COURSES NARA, NH-58, MEERUT ROAD MUZAFFARNAGAR
Affiliated to : Maa Shakumbhari University, Saharanpur
COURSES OFFERED
B.C.A. B.Sc. Home science B.COM
CONTACT FOR ADMISSION- 7895672161, 9997178003
CITY OFFICE: OFFICE SELF FINANCED COURSES D.A.V. COLLEGE ARYA SAMAJ ROAD MZN



अपना केवाईसी अपडेट रखें
ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।
यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।
आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।




अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### सिराज-उल-उलूम मदरसे पर एनआईए की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को श्रीनगर और शोपियन जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की, जिनमें दारुल उलूम सिराज-उल-उलूम मदरसा भी शामिल है, जिसे पिछले महीने जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीमों ने शोपियन के इमाम साहिब इलाके में स्थित मदरसे में तड़के तलाशी अभियान चलाया। पिछले महीने, जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने दक्षिण कश्मीर के सबसे बड़े मदरसों में से एक, सिराज-उल-उलूम को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया था। प्रशासन ने आरोप लगाया था कि मदरसे का प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईएल) से 'गुप्त संबंध' हैं, साथ ही 'गंभीर कानूनी, प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताएं' हैं और यह 'कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाला माहौल' बना रहा है।

### काशी में अवैध हुक्का बारों पर पुलिस का छापा, 18 हिरासत में

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में सिगरा पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने रविवार रात को विशेष अभियान चलाते हुए अवैध हुक्का बारों पर छापा मारकर 18 लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही भारी मात्रा में नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए। पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में नशीली सामग्री, हुक्का फ्लेवर और हुक्का उपकरण बरामद किए गए। इस दौरान 18 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि दोनों हुक्का बारों के दो संचालक मौके से फरार हो गए।

# जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि उप्र में असहनीय 'महा विद्युत आपदा' की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का 'कागजी कवच' बना रहे हैं।

यादव ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई 'जन हित का पत्र' नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए 'आवेदन पत्र' है।



उन्होंने साफ किया कि हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं। कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस 'अफसर' को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा है। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि समस्या का समाधान पूछने पर दोनों हाथ खड़ा करके नारा लगाकर बच निकलने वालों के रहते समस्या नहीं सुलझेगी। उन्होंने कहा कि किसी के लिए ये बड़ा मौका है कि वो पूरी तरह से नाकाम हो चुके किसी 'दूत-मंत्री' को हटा दे। इससे मुख्य जी को अपना मंत्रिमंडल विस्तार करने और किसी एक 'घाटहीन' को समायोजित करने का मौका भी मिल जाएगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उप्र की भाजपा सरकार भी जानती है कि अब वो कभी वापस नहीं आएगी। इसीलिए वो जनता की मुश्किलों और मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज करके बस अपने खजाने भरने में लगी है।

# ईंधन कीमतों को लेकर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

नई दिल्ली, वार्ता

## फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है और पिछले 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं।

खड़गे ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमतों में कुल 7.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.53 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने आम लोगों की बचत को जलाने के लिए पेट्रोल छिड़क दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन सरकार के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में 175.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रूड ऑयल की कीमतों में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। इसके बावजूद पेट्रोल की कीमत 71.41 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 102.12 रुपये और डीजल 56.71 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने जनता से पिछले 12 वर्षों में ईंधन के जरिए 43 लाख करोड़ रुपये की लूट की है, जो प्रतिदिन लगभग 1000 करोड़ रुपये के बराबर है। खड़गे ने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी जैसी सरकारी तेल कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जिससे साफ है कि भाजपा 'जनता नहीं, मुनाफे' की राजनीति कर रही है। गौरतलब है कि हालिया बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। वहीं राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान पेट्रोल की कीमत 71 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बधाई हो मोदी जी, आपने पेट्रोल के दामों का शतक पूरा कर ही लिया।



10 दिनों में चौथी बार ईंधन के दाम बढ़े: खड़गे



राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई मैन का दिया तमगा

## राज्य कर विभाग को कर संग्रह बढ़ाने के साथ ही मुख्यमंत्री की हिदायत

# ईमानदार व्यापारियों को मिले सुविधा व सम्मान: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य कर विभाग कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। उन्होंने जोनवार अधिकारियों से सीधा संवाद कर प्रत्येक अधिकारी के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण और रिफंड प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब समाप्त होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि 21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बन गया है। जीएसटी पंजीयन आवेदनों के निस्तारण की औसत अवधि प्रदेश में 8 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है।

प्रदेश में 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन की व्यवस्था लागू है। रिटर्न दाखिले में भी प्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। देय तिथि तक 90 प्रतिशत से अधिक करदाता रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने जीएसटी और वैट मद में कुल 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पुनरीक्षित अनुमान का 98.8 प्रतिशत रहा। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा। जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली हुई। प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई।



■ कहा: विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा

### गर्मी की छुट्टियों में नई रुचियां पहचानें, दादा-दादी के साथ बिताएं समय: योगी

**लखनऊ।** गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बच्चों के नाम एक पाती लिखी है। 'योगी की पाती' शीर्षक से जारी इस पत्र में उन्होंने छुट्टियों को आनंद, उत्साह और नए शोध का समय बताया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और अभिभावकों से छुट्टियों को संस्कार, प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने की अपील की है। योगी ने लिखा कि स्कूल की व्यस्त दिनचर्या से राहत मिलने पर मन कुछ नया सीखने और अपनों के साथ समय बिताने को उत्सुक हो उठता है। यही अवसर है, जब बच्चे अपनी रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें और जीवन के ऐसे अनुभव प्राप्त करें, जो आगे चलकर व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हों। उन्होंने किशोर और युवाओं से नई भाषा या नया कौशल सीखने को कहा।

# उत्तर प्रदेश में दिन में लू व गर्म रातें कर रही हैं बेचैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और उष्ण लहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान लू से भीषण लू चलने तथा गर्म रातें रहने की चेतावनी जारी की है। मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार तेज धूप, उच्च तापमान और उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

विशेष रूप से दोपहर के समय लोगों को घरों से बाहर निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में तापमान लगातार सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। प्रयागराज, बांदा, झांसी और कानपुर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया, जबकि लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर और मेरठ में भी पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने इसे 'उष्ण रात्रि' की स्थिति बताया है, जिसका असर बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों पर अधिक पड़ सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लू के कारण हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76488.96 | |
| निफ्टी | 24031.70 | |
| सोना | 159000 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 271000 | प्रति किलो |

# शेयर बाजारों में तेजी, निफ्टी का सेंसेक्स 1074 अंक उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को अच्छी तेजी रही और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,073.61 अंक (1.42 प्रतिशत) उछलकर 76,488.96 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉपक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 312.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत चढ़कर 24,031.70 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति के बाद निवेश धारणा मजबूत हुई है। वृहत बाजार में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.37 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, रसायन, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर करीब तीन प्रतिशत चढ़ गया। एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयर ढाई प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इटरनल, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी दो से ढाई प्रतिशत तक चढ़े। एक्सिस बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल और टेक महिंद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी और पावर ग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस और टीसीएस में गिरावट रही।



### चांदी 5,100 बढ़कर 2.71 रुपये लाख किलो हुई, सोना 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 25 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 740 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 5,100 रुपए बढ़कर 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसम्बर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# गेहूं, चीनी नरम, चावल मजबूत दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। वहीं गेहूं और चीनी में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,872 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,787 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 50 रुपये और तुअर दाल की 18 रुपये बढ़ गई। वहीं उड़द दाल की कीमत 36 रुपये और मूंग दाल की 35 रुपये प्रति क्विंटल घट गई।



चना दाल में कमोबेश टिकाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 14 रिंगिट गिरकर 4,472 रिंगिट प्रति टन रह गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल और वनस्पति की औसत कीमत 57.57 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सरसों तेल 54 रुपये और पाम ऑयल 36 रुपये फिसल गया। सोया तेल 28 रुपये सस्ता हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 40 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7693.75 रुपये, मसूर काली 8125.61 रुपये, मूंग दाल 10161.62 रुपये, उड़द दाल 10847.35 रुपये, तुअर दाल 11261.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2787.40 रुपये और चावल 3871.87 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3260.04 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4334.73 रुपये और गुड़ 5043.28 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# तेल के दाम बढ़ने से लोगों को घर का खर्च चलाना मुश्किल : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि पिछले 10 से 15 दिनों के अंदर चौथी बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए, जिससे सारी चीजें महंगी हो गई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज फिर इन्होंने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। पूरे देश में औसतन ढाई-ढाई रुपये बढ़ाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में यह चौथी बार दाम बढ़ाए गए हैं। पिछले 10-15 दिन के अंदर पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 7.5 से 8 रुपये बढ़ गए हैं। रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस देने के लिए तैयार हैं, तो फिर हम लोग उनसे क्यों नहीं खरीद रहे हैं? केजरीवाल ने कहा कि मैंने देशवासियों से दो-तीन दिन पहले पूछा था कि क्या हमारे देश को रूस और ईरान से तेल और गैस खरीदना चाहिए, तो लगभग 97 फीसदी लोगों ने मुझे कहा कि हां हमें खरीदना चाहिए। जब हमारे देश के लोग मांग कर रहे हैं कि हमें ईरान और रूस से तेल और गैस खरीदना चाहिए।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**नीट: सुप्रीम कोर्ट...** के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए। याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला है। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए। इसमें एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गठित उस समिति से भी जवाब मांगा है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। इस समिति को एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाया गया था। अदालत ने पूछा है कि आयोग की सिफारिशों पर क्या प्रगति हुई है। नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ सुनने का फैसला किया है।

# जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी कांग्रेस : गौरव

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का 'भस्मासुर' करार देते हुए दावा किया है कि कांग्रेस जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ऐसे समय में इस तरह का बयान दे रहे हैं, जब देश मजबूती के साथ चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि जहां इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर हुई हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत इस वैश्विक चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है। उन्होंने कहा कि एक 'टूलकिट मॉडल' जो विनाशकारी, अराजक, अपरिपक्व और मूर्खतापूर्ण है तथा गांधी के दिमाग की उपज है। यह एक बार फिर सामने आया है, जब गांधी ने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार एक साल के अंदर गिर जाएगी। उन्होंने श्री गांधी पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आपका (श्री गांधी) मकसद अराजकता फैलाना है, तो हमारा संकल्प भारत को और भी ज्यादा मजबूत बनाना है। आप आगे बढ़ें और अपनी पूरी ताकत लगा दें। हमने भारत को और भी आगे ले जाने का मन बना लिया है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि यह सरकार (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार) स्थिर और मजबूत भी है प्रवक्ता ने दावा किया कि जल्द ही कांग्रेस दो हिस्सों में बंट जाएगी और कांग्रेस के नेता भी विपक्ष के नेता द्वारा ऐसे भारत-विरोधी और अशांति फैलाने वाले बयान दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह गलत जानकारी फैला रही है कि भारत अमेरिकी दबाव के कारण रूस से कच्चा तेल आयात नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम देश के हित में ही फैसले लेंगे। यह बात बिल्कुल साफ है। हम किसी के दबाव में काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि राजग के शासन में पिछले चार पांच वर्षों में रूस से 30 प्रतिशत तक कच्चे तेल का आयात किया गया है, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के शासन में यह आंकड़ा केवल एक प्रतिशत था।



■ इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर

### आंबेडकर प्रतिमा पर खाकी टोपी और भगवा गमछा पहनाने से बवाल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर शहर स्थित दीवानी तिराहे पर स्थापित भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद सोमवार को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रतिमा पर खाकी टोपी पहनाने और गले में भगवा गमछा डालने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर तथा भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल प्रतिमा से खाकी टोपी और भगवा गमछा हटवाया तथा लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### सेना अस्पताल में कैंसर उपचार के लिए आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक की शुरुआत

**नई दिल्ली।** सेना के अस्पताल (आर एंड आर) में कैंसर के उपचार के लिए आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक की शुरूआत की गई है।

अस्पताल के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग में सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एक रिग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सीलरेटर का शुभारंभ किया गया। यह उन्नत तकनीक आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में कैंसर देखभाल सेवाओं को मजबूत करेगी और सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार करेगी। इससे अस्पताल में मरीजों की भारी संख्या के लिए आंतरिक उपचार क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

# स्कूल के पास पशु अवशेष फेंकने पर भड़के कॉलोनीवासी

## नगर पालिका में ईओ का घेराव

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बकरीद पर्व से पहले कस्बे की देवीदास कॉलोनी के लोगों ने पशु अवशेषों के निस्तारण को लेकर नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। बुढाना मार्ग स्थित स्कूल के सामने हर साल पशु अवशेष डाले जाने की समस्या से परेशान मोहल्लेवासी सोमवार को नगरपालिका पहुंचे और अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। वार्ड के नामित सभासद मनोज सैनी के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने बताया कि कुर्बानी के बाद कुछ लोग रात के समय स्कूल के सामने बने कूड़ा स्थल पर पशुओं के अवशेष डाल देते हैं। इससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल जाती है और गंदगी का माहौल बन जाता है। लोगों का कहना था कि सुबह स्कूल आने वाले बच्चों, राहगीरों और आसपास के परिवारों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है।

मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाया कि अवशेषों के कारण आवारा पशु भी मौके पर जमा हो जाते हैं, जो गंदगी फैलाने के साथ संक्रमण का खतरा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। इस दौरान नामित सभासद मनोज सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित जैन और मंडल अध्यक्ष परवीन ठकराल ने नगरपालिका से मांग की कि बकरीद से पहले ही विशेष व्यवस्था बनाई जाए, ताकि पशु अवशेषों को कस्बे से बाहर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा सके। साथ ही संवेदनशील इलाकों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती बढ़ाने और निगरानी रखने की भी मांग उठाई गई।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी स्कूल के सामने अवशेष डाले गए तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से



दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।ईओ राजीव कुमार ने लोगों को भरोसा दिलाया कि नगरपालिका की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा और पशु अवशेषों के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों और स्कूलों के आसपास गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद लोगों का आक्रोश शांत हुआ। इस मौके पर किरण पाल, विकास सैनी, गौरव सैनी, सतेंद्र पाल सहित कई मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# दामाद ने ससुराल पक्ष पर चलाई अंधाधुंध गोलियां, सास व ननद समेत तीन महिलाएं गंभीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र की पंचशील कालोनी में जब घर में जन्मदिन के दौरान अपनी ससुराल आए दामाद ने गोलियां चला दी, इसमें घर की तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं और मोहल्ले में अफरातफरी मच गई।

पंचशील कालोनी में देहरादून निवासी अनंत मित्तल अपनी ससुराल अपने पुत्र का जन्मदिन मनाने आया था। बताया जा रहा है कि युवक का अपनी पत्नी से डिवॉर्स हो चुका है। जन्मदिन मनाने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ, तो आरोप है कि युवक ने वहां अंधाधुंध गोलियां चला दी, जिसमें सास, ननद समेतन तीन महिलाओं को गोली लगी। सूचना पर एसएसपी मौके पर पहुंचे और जानकारी हासिल की। उधर, घायलों को जिला अस्पताल पहुंचा गया, जहां से उन्हें रेफर





कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक महिलाओं को मेरठ




मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भीम आर्मी जय भीम संगठन के कार्यकर्ता।

# भीम आर्मी जय भीम संगठन ने की जिलाध्यक्ष की रिहाई की मांग

- **झूठा मुकदमा निरस्त करने की उठाई आवाज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भीम आर्मी जय भीम संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विकास कुमार को गिरफतार किए जाने का विरोध करते हुए सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि कथित मुकदमा झूठा दर्ज कराया गया है। प्रदर्शन करते हुए सन्नी, दीपक, अंकुर, रजत ने कहा कि वादी मुकदमा पूजा पत्नी सोनू ने अपने ब्यानो मे ओर अतिरिक्त झूठ मिलाते हुए झूठे ब्यान अंकित कराते हुऐ बलात्कार का आरोप भी लगाया है जबकि प्रथम सूचना रिर्पोट मे बलात्कार जैसी किसी घटना का जिक्र तक नही है और थाना पुलिस द्वारा वादी मुकदमा से मिलीभगत कर धारा की बढ़ौतरी कर संगठन के जिलाध्यक्ष विकास कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मुकदमे की निष्पक्ष जांच करायी जानी आवश्यक है और जिलाध्यक्ष भीम आर्मी जयभीम संगठन को जल्द से जल्द रिहा कराया जाए।

# ओवरब्रिज के नीचे हादसे में उड़े कार के परखच्चे

## एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** सोमवार सुबह करीब 9:30 पानीपत-खटीमा मार्ग पर एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज से नीचे जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसा तितावी थाना क्षेत्र के अमीरनगर अंडरपास के पास हुआ। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद के राजेंद्र नगर निवासी एक परिवार ऋषिकेश से दिल्ली लौट रहा था। कार में दो महिलाएं और तीन पुरुष सवार थे। सुबह जब कार अमीरनगर अंडरपास के पास पहुंची, तभी चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार ओवरब्रिज से नीचे जा गिरी।हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तितावी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला गया। घायलों में चालक वंश, उसकी बहन वंशी, अविरल, प्रेरणा और रोहन शामिल हैं। इनमें वंश और वंशी की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार, चालक को झपकी आने या अचानक संतुलन बिगड़ने जैसी आशंकाएं जताई जा रही हैं।



तितावी पुलिस ने बताया कि प्रथम-दृष्टया कार का टायर फटने से हादसा होने का अनुमान है। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# घर के बाहर पानी निकासी को लेकर विवाद बढ़ा

## पूर्व सैनिक पर फायरिंग और धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फहीमपुर खुर्द में घर के बाहर पानी जमा होने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक तनावपूर्ण हो गया। गांव के एक पूर्व सैनिक पर हवाई फायरिंग करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं।

घटना के बाद पीड़ित परिवार सहमा हुआ है, जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित शक्ति सिंह पुत्र अमरपाल सिंह ने खतौली कोतवाली में दी गई शिकायत में बताया कि वह किसी कार्य से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान घर पर उनकी पत्नी शिखा और मां गीता मौजूद थीं। आरोप है कि गांव का ही एक रिटायर्ड फौजी अपनी टाटा पंच कार से उनके घर के सामने पहुंचा और रास्ते में भरे पानी को लेकर नाराजगी जताने लगा। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

बताया गया कि शोर सुनकर जब शक्ति सिंह की पत्नी घर से बाहर आईं तो आरोपी और भड़क गया। आरोप है कि उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए परिवार को गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इसी दौरान आरोपी अपनी कार से लाइसेंसी दुनाली बंदूक निकाल लाया और गली में दो हवाई फायर कर दिए। अचानक फायरिंग होने से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने बंदूक तानते हुए चेतावनी दी कि यदि दोबारा पानी रास्ते में आया तो पूरे परिवार को खत्म कर देगा। घटना के बाद महिला और परिवार के अन्य सदस्य भयभीत बताए जा रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बैडशीट बेचने वाले चाचा- भतीजे की बेरहमी से पिटाई

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र की वसुंधरा रेजिडेंसी कॉलोनी में उस समय हंगामा हो गया जब यहां बेड शीट बेचने वालों को चोर समझकर पिटाई करने के बाद से उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस घटना के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। दरअसल खतौली निवासी आमिर मलिक और उनके भतीजे जावेद मलिक रविवार रात एक ग्राहक के बुलावे पर बेडशीट दिखाने वसुंधरा रेजिडेंसी कॉलोनी पहुंचे थे। इसी दौरान उनसे गलती से किसी दूसरे घर की घंटी बज गई, जिससे मोहल्ले के लोगों को उन पर चोर होने का शक हो गया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बिना सच्चाई जाने दोनों चाचा-भतीजे को पकड़ लिया और चोर समझकर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। पिटाई से दोनों घायल हो गए और उनके कपड़ों पर खून के निशान दिखाई दिए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की। नई मंडी सीओ राजू कुमार साव ने बताया कि शुरुआती जांच में आमिर मलिक और जावेद मलिक का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यह पूरी घटना गलतफहमी के कारण हुई। पुलिस फिलहाल मामले की विस्तृत जांच कर रही है।



मुजफ्फरनगर: बकराईद से पहले बढ़ गई कुर्बानी के जानवरों की बिक्री

# गंगा दशहरा में सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने पर कर्मचारी संघ का हंगामा

**मुजफ्फरनगर।** गंगा दशहरा के अवसर पर आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की डयूटी नगर पालिका क्षेत्र से बाहर लगाए जाने के आदेश को लेकर नगरपालिका परिषद में विवाद गहरा गया है। सफाई कर्मचारी संघ ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विरोध दर्ज कराने पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने अभद्र व्यवहार किया, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया तथा धमकी दी। मामले में शहर कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। विवाद बढ़ने के बाद बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी पालिका परिसर पहुंचे और नगर स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। संघ नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही विभागीय जांच और वित्तीय अनियमितताओं की भी जांच कराने की मांग उठाई गई है। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज बिडला ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की डयूटी लगाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। नीरज बिडला का कहना है कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी नई व्यवस्था को जबरन लागू करना चाहते थे, जिसका कर्मचारी हित में विरोध किया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शहर कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए जांच की मांग भी उठाई गई है। प्रदर्शन के दौरान संघ के महामंत्री मिलन कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने रोष व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की। बाद में संघ नेताओं और सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर नीरज बिडला ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से भी मुलाकात की आरोप है कि इस पर एनएसए डॉ. अजय शाही ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जातिसूचक शब्दों से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की डयूटी पहली बार पालिका क्षेत्र से बाहर लगाने की तैयारी की गई थी, जबकि अब तक केवल संसाधन भेजे जाते रहे हैं।

**सभी आरोप निराधार डॉ. अजय प्रताप शाही**

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा में सफाई व्यवस्था को लेकर अधिशासी अधिकारी से चर्चा हुई थी। इसी क्रम में डिवाइडर की सफाई के लिए लगाए गए लगभग 20 आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की डयूटी वहां लगाने का प्रस्ताव रखा गया था। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी संघ के नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई, जिसके बाद डयूटी लगाने का निर्णय वापस ले लिया गया।

# खुले में कुर्बानी न करें :काजी अल्वी

**मुजफ्फरनगर।** काजी मोहम्मद अली उर्फ अल्वी ने मुस्लिम भाइयों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी खुले में ना करें और वीडियो ना बनाएं और कुर्बानी से बचे हुए अवशेष को सड़कों पर ना फेंकें और सफाई का पूरा-पूरा ख्याल रखें उन्होंने ये भी आह्वान किया कि कुर्बानी खुले में ना करें और वीडियो कुर्बानी से बचे हुए अवशेष को मिटी में दफन करें। उन्होंने कहा कि सरकार की गाईड लाईन का पालन करें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि लोग कुर्बानी की वीडियो बनाकर एक दूसरे से शेयर करते हैं और इसका परिणाम ये निकलता है कि ये वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो जाती है जो कानूनन गलत है इससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन को सहयोग करें और जो गाईड लाईन है उसी के अनुसार कुर्बानी करें।

# डीएम -एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारीउमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर, अस्पताल, सीसीटीवी कैमरे व जैमर प्रणाली देखा उन्होंने ने जिला कारागार में बंदियों से वार्ता कर उनके हाल चाल लिए और उनको



कारागार में मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया जिला कारागार में बंदियो को नियमानुसार व गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया जाए तथा साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कारागार में निगरानी करने और प्रतिबंधित सामग्री पर विशेष ध्यान देने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिए निर्देश ।

# मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन एवं निरीक्षण कार्यक्रम जारी

**मुजफ्फरनगर ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के नियोजन विभाग अंतर्गत स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमिशन द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए जाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय मूल्यांकन एवं अध्ययन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर में भी राज्य स्तर से भेजे गए असिस्टेंट स्टैटिस्टिकल ऑफिसर (इवैल्यूएशन) विशेष कुमार के द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीम दो दिन पूर्व जनपद में पहुंची थी तथा विगत दिवस से विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों का निरीक्षण प्रारंभ किया गया। इस मूल्यांकन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के नॉन डिलीवरी पॉइंट एवं डिलीवरी पॉइंट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का विस्तृत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रसव संबंधी उपचार सेवाएं, जच्चा-बच्चा सुरक्षा व्यवस्थाएं, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु किए जा रहे प्रयासों तथा गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि अब तक सदर ब्लॉक की 4 पीएचसी एवं 1 सीएचसी, मोरना ब्लॉक में भोपा सीएचसी सहित 6 पीएचसी तथा जानसठ ब्लॉक में सीएचसी जानसठ एवं पीएचसी मीरापुर का निरीक्षण किया जा चुका है।

आज टीम द्वारा 6 अर्बन पीएचसी, जिला महिला चिकित्सालय (डीडब्ल्यूएच) एवं जिला पुरुष चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया तथा बुढ़ाना क्षेत्र की समस्त पीएचसी एवं एक सीएचसी का भी निरीक्षण किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 65 सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों के साथ-साथ 10 से 15 बड़े निजी चिकित्सालयों का भी भ्रमण प्रस्तावित है।


**Recruitment For Teaching Staff**

**Required: Assistant Professor For**

- B.A. (Education, History)
- M.A. (English, Urdu , Political Science)
- BBA
- BCA

**Qualification: As per University/UGC Norms.**

Eligible candidates are invited to send their Resume along with a set of self attested copy of all documents either to idcdeoband@gmail.com or by registered post within 15 days. **Experienced Candidates will be preferred.**

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**

Deoband, Distt., Saharanpur

Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur

**Contact No. : 9045143298, 8755525452**

Email Id. idcdeoband@gmail.com

# ज्येष्ठ दशहरा पर शुकतीर्थ में श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान पर्व धार्मिक आस्था श्रध्दा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आये श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। गंगा स्नान के लिये रविवार की शाम से श्रद्धालुओं की भीड़ ट्रैक्टर ट्रॉली, छोटा हाथी, पिकअप, मोटरसाइकिल कार, बस आदि वाहनों से पहुंच गयी थी। जहाँ सोमवार की सुबह श्रद्धालुओं ने गंगा मे स्नान किया। श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर पुरोहितो से अनुष्ठान संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने धर्मनगरी में स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की व भण्डारे का आयोजन किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल तैनात किया गया। महाभारत कालीन तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में सोमवार की सुबह सवेरे हर हर गंगे जय माँ गंगे, गंगा मैया की जयघोष के साथ बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने मां गंगा में स्नान कर माँ गंगा की पूजा अर्चना की तथा अन्न, वस्त्र आदि का दान किया।इसके पूर्व रविवार–सोमवार की मध्य रात्रि शुकतीर्थ जाने वाले सभी मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी।क्षेत्र के मोरना, इलाहाबास बहुपुरा, फिरोजपुर, भोकरहेड़ी आदि मार्गो से श्रद्धालू तीर्थ नगरी मे पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने विभिन्न आश्रमों, धर्मशालाओं में प्रवास किया, आश्रमो मे भंडारे का आयोजन किया गया। महिलाओं व बच्चों ने मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी की तथा चाट पकौड़ी जैसे व्यंजनों का आनन्द लिया। तीर्थ के प्रसिद्ध शुकदेव आश्रम में प्राचीन वट वृक्ष की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने मनोकामना सिद्धि के लिये धागा बांधा तथा अक्षय वट वृक्ष पर विराजमान दिव्य तोते के जोड़े के दर्शन किये। वहाँ मौजूद पुरोहितो ने श्रीमद्‌भागवत कथा का श्रवण कर अजर अमर हुए अक्षय वट वृक्ष की महत्ता को बताया। इसी अक्षय वट वृक्ष के नीचे शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को श्रीमद्‌भगवत कथा सुनाई थी। श्रद्धालुओं ने शुकदेव मन्दिर के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। इसके अलावा हनुमत धाम, गणेश धाम, पूर्णागिरि आश्रम, शिव धाम, दुर्गा धाम, पीताम्बरा धाम, तिलकधारी आश्रम, माहेश्वर आश्रम, शनि धाम, दण्डी आश्रम, गौड़ीय मठ, महाशक्ति सिद्ध पीठ आदि आश्रमों में श्रद्धालुओं ने मन्दिरों के दर्शन कर साधु संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भीड़ को नियंत्रित करने में जुटी रही पुलिस

मेले के दौरान किसी भी अपिर्य घटना को रोकने के लिये पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा प्रदान की गयी।भारी वाहनों का तीर्थ नगरी में प्रवेश बन्द रहा सभी चौपहिया वाहनों को तीर्थ नगरी के पहले रोक दिया गया।पैदल ही श्रद्धालुओं ने तीर्थनगरी में प्रवेश किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये तीर्थ नगरी मे बड़े वाहनों का प्रवेश बंद किया गया था तथा शुकतीर्थ से पहले बैरियर लगाकर वाहनों को पार्क किया गया। तीर्थनगरी के सभी मुख्य मार्गों पर बैरियर लगाकर पुलिस तैनात कर भीड़ को नियंत्रित किया गया। स्नान के दौरान कोई अपिर्य घटना न घटे इसके लिए गंगा मे पीएसी बल तैनात किया गया था।पीएसी बल मोटरबोट के साथ तैनात रहा तथा श्रद्धालुओं को गहरे पानी में स्नान न करने की सलाह दी गयी। गंगा घाट पर खोया–पाया केंद्र की स्थापना भी गयी। वहीं अनेक प्रशासनिक अधिकारी गंगा घाट व शुकतीर्थ में मौजूद रहे।

## मेला सकुशल सम्पन्न होने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस

मेले को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन लगातार सकिर्य बना रहा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा सहित, एस पी देहात अक्षय संजय महाडीक, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल,अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार,आदि व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे जिसके चलते मेला सकुशल सम्पन्न हो गया।मेला सकुशल सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

## छबील लगाकर बुझाई श्रद्धालुओं की प्यास

मेले के दौरान आये श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मीठे शरबत की छबील लगाई।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, अक्षय शर्मा, रामकुमार शर्मा द्वारा श्रद्धालुओं को शरबत भेंट किया गया।

## गंगा घाट पर फैली कीचड़

मेले को दौरान जहां तीर्थ नगरी पूर्ण स्वच्छता से कोसो दूर रही।गंगा घाट मार्ग पर कर्मचारी स्वच्छता के लिये तैनात रहे तो अन्य मार्गो पर गन्दगी व जल भराव की समस्या बनी रही।स्नान घाट पर फैली कीचड़ से श्रद्धालु खिन्न रहे।

## अलग हो महिला स्नान घाट

महिलाओं ने बताया कि स्नान घाट पर महिलाओं के लिए अलग से स्नान की सुरक्षित व्यवस्था की जाए तथा वस्त्र परिवर्तनशालाओं में पूर्ण स्वच्छता की व्यवस्था जाए। वही वस्त्र परिवर्तन शालाओं के आसपास कोई भी फूल प्रसाद आदि प्रतिष्ठान न लगाये जाएं।

# डिजिटल जनगणना को लेकर श्रीराम कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ, में जनगणना जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों शिक्षकों तथा अन्य सभी स्ट्‌फ सदस्यों को भारत सरकार की जनगणना प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक करना है तथा उन्हें स्वंय गणना की प्रक्रिया से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उसके पश्चात्‌ जनगणना नोड़ल अधिकारी श्रीमती राखी प्रमोद तुपे ने कहा कि जनगणना किसी भी देश की विकास योजनाओं की आधार शिला होती है। इसके माध्यम से सरकार को देश की जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास, आर्थिक सामाजिक स्थिति से सम्बन्धित सटीक आंकड़े प्राप्त होते है जिनके आधार पर विभिन्न योजनाओं का निर्माण तथा क्रिन्याव्ययन किया जाता है उन्होंने कहा कि सही व पारदर्शी जनगणना देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के डिजिटल जनगणना कि प्रक्रिया महत्व तथा तथा उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। वक्ताओं के कहा कि यह प्रणाली नागरिकों को स्वंय अपनी व्यक्तिगत परिवारिक जानकारी ऑनलाईन दर्ज करने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर कॉलेज में व्दसपदम ैमर्सा म्दनउमतंजपवद पोर्टल पर लॉगिन करने डेटा फिल करने की प्रक्रिया का लाईव डेमो, प्रस्तुत



किया गया। सभी को चरणवद्ध तरीके से ऑनलाईन पोर्टल के उपयोग , आवश्यक दस्तावेजों तथा जानकारी भरने की प्रक्रिया समझायी गयी। सभी विद्यार्थियों ने इसमें उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा अपनी समस्याओं समाधान भी प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ के सभी शिक्षकगण और विद्यार्थियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में संजीव कुमार, सोनिया गौड़, आंचल अग्रवाल, राखी प्रमोद तुपे, अक्षी कश्यप, मिनी सिंघल, आशीष कुमार,, विनय तिवारी, त्रिलोकचन्द का सहयोग रहा।

# मजदूरी करने जा रहे युवक पर डंडों से हमला

**बुढ़ाना।** पुरानी रंजिश के चलते मजदूरी पर जा रहे एक युवक पर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी बीच बचाव करने पहुंचे परिजनों से भी मारपीट की गई। पीड़ित की मां ने बुढाना कोतवाली में एक तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मंदवाड़ा निवासी अकबरी पत्नी उम्मेद ने बुढ़ाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 20 मई की सुबह करीब साढ़े छह बजे उसका पुत्र नौशाद मजदूरी करने के लिए घर से निकला हुआ था। आरोप है कि रास्ते में पड़ोसी नाजिम, गफ्फार, इस्तकार व अफसर पुत्रगण जब्बार अली ने एक साथ लाठी डंडों से नौशाद पर हमला बोल दिया। हमले में नौशाद मौके पर ही बेहोश हो गया। तहरीर के अनुसार झगड़े की आवाज को सुनकर बीच बचाव कराने हेतू पहुंचे गुलजार, शहजाद और उम्मेद के साथ भी आरोपियों ने जमकर मारपीट की।

आसपास के ग्रामीणों के इकठा होने पर आरोपी गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे। पीड़िता अकबरी ने बताया कि उसका पुत्र नौशाद अभी अस्पताल में भतह्न है। उसके इलाज में लगे होने के कारण पहले तहरीर नहीं दे सके। अब थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने व कार्रवाई की मांग की है।

# जौला सेवा संगठन ने मेधावी स्टूडेंट्स किए सम्मानित

**बुढ़ाना।** जौला सेवा संगठन की ओर से गांव जौला में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के मेधावी छात्र छात्राओं को संगठन द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मौलवी मुनफैत ने अपने संबोधन में कहा कि दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम भी बेहद जरूरी है। दोनों तालीम इंसान को कामयाब बनाती हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की अपील की। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुफ्ती आजाद, मौलवी उस्मान व मौलवी गय्यूर ने भी तालीम की अहमियत पर रोशनी डाली। वक्ताओं ने कहा कि इल्म हासिल करना हर मर्द औरत पर फर्ज है। मेधावी बच्चों से दूसरों को भी



प्रेरणा लेनी चाहिए। जौला सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलीम राणा ने सभी सम्मानित छात्र छात्राओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। संगठन आगे भी होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करता रहेगा। राणा ने सब बच्चों को मुबारकबाद दी। यहां मोहम्मद शाद, जुनैद राणा, मोहम्मद ओसामा, मोहम्मद कासिम तथा मुकम्मिल राणा की दो बेटियां अर्शी व अज़रा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर मुबारिक राणा, आरिफ राणा, रिजवान अली, नौशाद राणा, राव आमिर पुंडीर, वाहिद अली, आकाश शर्मा और फाजिल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हरिद्वार चिंतन शिविर की तैयारी में जुटी भाकियू अराजनैतिक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने आगामी 9 से 11 जून तक हरिद्वार में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय चिंतन शिविर को लेकर क्षेत्र के भूड़ गांव में पंचायत एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। पंचायत में किसानों की समस्याओं, बढ़ती महंगाई और सरकारी नीतियों को लेकर जमकर चर्चा हुई। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की अनदेखी जारी रही तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। कार्यक्रम वरिष्ठ किसान नेता शमशाद मलिक के आवास पर आयोजित किया गया, जहां पहुंचे संगठन पदाधिकारियों का फूल–मालाओं और ढोल–नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। पंचायत में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और संगठन कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुधीर पवार ने कहा कि हरिद्वार चिंतन शिविर किसानों के भविष्य और अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिविर में फसलों के उचित दाम, बिजली समस्या, खाद की किल्लत, डीजल–पेट्रोल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों जैसे मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई से किसान और मजदूर वर्ग परेशान है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर दिखाई नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि यदि जल्द किसानों को राहत नहीं मिली तो संगठन सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। पंचायत के दौरान संगठन विस्तार पर भी जोर दिया गया। लंबे समय से किसान राजनीति से जुड़े दीपक चौधरी ने अपना पुराना संगठन छोड़कर भाकियू अराजनैतिक की सदस्यता ग्रहण की। संगठन ने उन्हें खतौली नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। दीपक चौधरी ने कहा कि पुराने संगठन में उन्हें अपेक्षित



सम्मान नहीं मिल रहा था, जिसके चलते उन्होंने नया रास्ता चुना।इसके अलावा कय्यूम अंसारी को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने संगठन को गांव–गांव तक मजबूत करने और किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में कई नए कार्यकर्ताओं को सदस्यता और नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। सभा के अंत में संगठन पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक किसानों से हरिद्वार चिंतन शिविर में पहुंचने की अपील की और किसान हितों की लड़ाई को एकजुट होकर लड़ने का संकल्प दोहराया।

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील खतौली, मु0नगर**
वाद सं0 T202509550600997
सन् 2025
सत्यपाल पुत्र भुल्लन सिंह निवासी ग्राम शहबाजपुर तिगाई, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ........ ................................. अपीलार्थी
**बनाम**
1.अभिषेक पुत्र आत्माराम, 2. बाबूराम 3. आत्माराम पुत्रगण भुल्लन सिंह, 4. अश्वनी कुमार 5. राजीव कुमार 6. अवनीश कुमार पुत्रगण रामनिवास 7. श्रीमती राजकली पत्नी रामनिवास निवासीगण ग्राम शहबाजपुर तिगाई, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 8. श्रीमान अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति शहबाजपुर तिगाई द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम शहबाजपुर तिगाई तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। .........**उत्तरदातागण**
धारा–210 उ0प्र0भू0रा0 अधि0 1901 ग्राम–शहबाजपुर तिगाई परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर
हरगाह मिनजानिब अपीलार्थी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 28.05.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 15.05.2026 जारी किया गया।
**उप जिलाधिकारी**
खतौली

## 6 माह के संघर्ष के बाद पीड़ितों को मिला मुआवजा

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला शाहवाड़ा में जल निगम की पाइप लाइन की लीकेज से कई मकानों में दरारें आ जाने और धंसने के मामले में पीड़ित परिवारों को लगभग छह महीने के बाद मुआवजा मिला है। बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल के लगातार प्रयास के बाद जल निगम ने प्रभावितों को राहत राशि जारी की।ĕ स्थानीय लोगों के अनुसार जल निगम की मुख्य पाइपलाइन में लीकेज होने से कई गरीब परिवारों के मकान की नींव में लगभग छह माह पूर्व पानी भर गया था। इससे कई मकानों में दरारें आ गई थी और कुछ मकानों के धंसने की भी नौबत आ गई थी। वार्ड के सभासद अजय संगल ने बतलाया कि सभी पीड़ितों की समस्या को लेकर उन्होंने पिछले छह माह से लगातार पूरे प्रयास किए थे।

# शुकतीर्थ: गंगा स्नान मेले में हुआ पाल सम्मलेन

**मुजफ्फरनगर।** गंगा स्नान मेले के अवसर पर शुकतीर्थ स्थित पाल धर्मशाला में पाल समाज का सम्मेलन आयोजित हुआ। मुजफ्फरनगर समेत कई जनपदों से पहुंचे हजारों लोगों की मौजूदगी में धर्मशाला देर रात तक गुलजार रही। मेले में आए श्रॉलुओं ने जहां गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया वहीं पाल धर्मशाला में समाज के लोगों ने एक दूसरे से मुलाकात कर सुख दुख साझा किया। हर हर गंगे के उद्‌घोष के बीच सामाजिक एकता की बात भी गूंजी। कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर सत्येंद्र पाल का समाज के लोगों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। उन्होंने युवाओं, वरिष्ठों और प्रबुॉजनों से संवाद किया। सत्येंद्र पाल ने कहा कि एकता ही समाज



की असली ताकत है। युवाओं को शिक्षा और नेतृत्व में आगे आना होगा तभी समाज राजनीतिक सामाजिक रूप से मजबूत बनेगा। उन्होंने नई पीढ़ी को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और आपसी भाईचारे को बढ़ाने पर जोर दिया। मौजूद वरिष्ठ लोगों ने भी संगठन को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने ये भी कहा कि समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा एवं सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आने का आ]वान करते हुए कहा कि पाल समाज को राजनीतिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए आपसी भाईचारा व सहभागिता जरूरी है। नई पीढ़ी को शिक्षा के प्रति जागरूक करना भी अब समय की मांग ही है।

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा का स्वागत

**पुरकाजी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन सेवा का क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया। गांव नूर नगर शकरपुर से संचालित होने वाली इस सेवा का भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जोधा एवं ग्राम वासियों ने फूल–मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

**प्रेस विज्ञप्ति**
वाहन संख्या UP12BV-6654 (MOTOR CAR) के फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।
CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LTD, ADD-MUZAFFARNAGAR, Uttar Pradesh द्वारा वाहन सं० UP12BV-6654 (MOTOR CAR) को अपने नाम में हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। पत्र संख्या उपरोक्त हस्तान्तरण के सम्बन्ध में पूर्व में इस कार्यालय के 3318/सा०प्र०/ फाईनेन्स नोटिस / 2026 दिनांक 07.01.2026, पत्र संख्या 3318 (1) / सा०प्र०/ फाईनेन्स नोटिस/2026 दिनांक 09.02.2026 एवं पत्र संख्या 3318 (2) / सा०प्र०/ फाईनेन्स नोटिस/2026 दिनांक 30.03.2026 में वाहन स्वामी श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री राजाराम, नि०– फतेहपुर खेरी, मुजफ्फरनगर को सूचित किया गया था परन्तु आज दिनांक 29.04.2026 तक उक्त वाहन के हस्तान्तरण में कोई आपत्ति / सूचना प्राप्त नहीं हुई है। यदि 03 दिन के अन्दर कोई सूचना उक्त हस्तान्तरण से सम्बन्धित प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त वाहन का हस्तान्तरण CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LTD, ADD-MUZAFFARNAGAR, Uttar Pradesh के नाम में कर दिया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी इस कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
**सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी**
**(प्रशासन), मुजफ्फरनगर।**

# मनचले ने अश्लील टिप्पणी कर युवती से की छेड़छाड़

**बुढ़ाना।** एक मनचले ने पहले तो अपने गांव की एक युवती को देखकर फिल्मी स्टाइल में अश्लील कमेंट करते हुए कहा कि जींस पहनकर तू माल लगती है और जब बेचारी युवती ने इस आपत्तिजनक कमेंट का खुलकर विरोध किया तो मनचले युवक ने बैखौफ होते हुए युवती का हाथ पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए कुछ ग्रामीणों के मौके पर आने से पहले ही हत्या की धमकी देकर नौ दो ग्यारह हो गया।

पीड़िता के भाई ने आरोपी युवक के खिलाफ बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव मंदवाडा निवासी एक ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस को दी एक तहरीर में आरोप लगाया कि बीती रविवार की रात्रि लगभग आठ बजे उनके ही गांव के शहजाद पुत्र मुस्तुफा ने उसकी बहन पर अश्लील टिप्पणी की। विरोध करने पर आरोपी शहजाद ने उसकी बहन का हाथ पकड़कर अभद्रता की। शिकायत के अनुसार आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर युवती को बचाया। जिसके बाद आरोपी शहजाद धमकी देकर फरार हो गया। युवती के भाई ने बताया कि घर आकर बहन ने पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि आरोपी ने जाते जाते पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने और बदनाम करने की धमकी दी। बुढ़ाना पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर आरोपी शहजाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए शहजाद की तलाश शुरु कर दी।

**Female Staff Required**
**Nawab Azmat Ali Khan Girls Degree College, Muzaffarnagar**
Application are invited staff for the post of lecturer in-
**BSc-** Chemistry, Zoology, Botany, **B.A.** English
**M.A.** Home Science, Drawing & Painting
Apply with resume & recent passport size photograph with hand written Application.
Eligibility:- According UGC Norms
Contact :-
Azmat Bagh Arya Samaj Road, Muzaffranagar (U.P.)
M.No. 0131-2622191, 9012846455
naakgirlscollege@gmail.com
MANAGER
(DR NAWAZ DEOBANDI)
M.: 9319155237

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**
में गफूर पुत्र फीजा निवासी ग्राम विज्ञाना थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरे दो पुत्र आस मोहम्मद व शान मोहम्मद हैं। मैंने अपने बड़े पुत्र आस मोहम्मद की शादी मुस्कान निवासी गोसपुर बागपत के संग की थी। कुछ ही दिन बाद मेरा पुत्र मेरे परिवार से अलग होकर अपनी पत्नि संग रहने लगा था तो मेरा अपने पुत्र से किसी प्रकार का कोई मतलब नही था। मेरा पुत्र अब गलत संगत में बैठकर नशा करता है। मेरा कहना बिल्कुल नही मानता। आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है। इसलिए में अब अपने बेटे आस मोहम्मद को अपने परिवार और अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अगर मेरा बेटा आस मोहम्मद भविष्य में कोई आपराधिक कृत्य करता है। किसी से कोई रुपया या लेन देन करता है तो वो खुद ही जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**चौ. छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर**
**आवश्यकता है**
महाविद्यालय में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित "एम.एस.सी. रसायन विज्ञान, एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान, एम.एस.सी. (कृषि) शस्य विज्ञान (एग्रोनोमी), बी.कॉम. तथा बी.सी.ए." हेतू सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है। योग्यता यू.जी.सी./राज्य सरकार के नियमानुसार होगी। इच्छुक अभ्यार्थी सादे कागज पर फोटो सहित आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), योग्यता प्रमाण पत्रों सहित विज्ञापन की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि से बाद में अवगत कराया जायेगा।
**(शरद कुमार)** **(डा. के. पी. सिंह)**
**सचिव प्रबन्ध समिति** **प्राचार्य**

**आवश्यकता है**
**चंद्रशेखर आजाद पीजी कालेज चरथावल मु.नगर**
**B.A. स्नातक स्तर**
**अंग्रेजी एक पद,**
**अर्थशास्त्र एक पद,**
**ग्रहविज्ञान एक पद,**
**राजनीती शास्त्र एक पद,**
**हिन्दी एक पद**
**कॉमर्स स्नातकस्तर**
**B.Com दो पद**
**इच्छुक अभ्यर्थी दस दिन के अंदर डाक द्वारा या प्रत्यक्ष रूप से अपने मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय मे उपस्थित हो**
**सम्पर्क न०**
8445783213 (सचिव)
9758341052 (प्राचार्य)

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै नीरज कुमार व मेरी पत्नि सुदेश शर्मा अपने पुत्र निमिष शर्मा व पुत्र वधु पारुल के गलत आचरण व गाली गलोच और अपनी जान का खतरा होने पर उनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद करते है और अपनी सम्पत्ति से बेदखल करते है इनके द्वारा किसी मुकदमे या लेन–देन से हमारा कोई वास्ता नहीं है
**नीरज कुमार पुत्र स्व माधोराम**
**मोहल्ला बाजार कला**
**शिव चौक**
**थाना चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**चौ. छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर**
**सागौन वृक्षों की कटान हेतु नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण एवं संबंधित ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय के कषि फार्म (परिक्रमा मार्ग) परिसर में स्थित लगभग 117 सागौन वक्षों की कटान हेतु खुली नीलामी आयोजित की जानी है। इच्छुक एवं पात्र ठेकेदार अपने आवेदन पत्र दिनांक 04 जून 2026 तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ 10,000/- (दस हजार रूपये मात्र) की जमानत राशि अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। नीलामी की तिथि एवं समय की सूचना पात्र आवेदकों को बाद में उनके व्हाट्सएप नम्बर / मोबाइल नम्बर पर प्रेषित कर दी जायेगी। अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
**(शरद कुमार)** **(प्रो. के. पी. सिंह)**
**सचिव प्रबन्ध समिति** **प्राचार्य**

# कराटे में जानसठ के खिलाड़ियों का रहा जलवा

**जानसठ।** भोपा रोड स्थित माउंट लिटराजी स्कूल में कराटे एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरनगर की ओर से जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 95 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दर्जनों खिलाड़ियों का चयन आगामी उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया।

प्रतियोगिता में जानसठ ब्लॉक परिसर स्थित के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी अलग पहचान बनाई। कोच निखिल कौशल के निर्देशन में प्रतिभाग करने वाले 23 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में पदक जीतकर जानसठ का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में मिशिका शर्मा, मिश्का चौधरी, हरमन कौर, सोनाक्षी, मीनाक्षी, अक्षत पाल, अवि पाल, तानिष पाल और अयान अंसारी शामिल रहे। वहीं रजत पदक प्राप्त करने वालों में माही चौधरी, साहिल मल्होत्रा, तेजस्वी सिंह, श्रीयांश, निशि देवी, ईशानी, श्रेष्ठ जैन तथा शिफान मंसूरी ने शानदार प्रदर्शन किया। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अरशान राजपूत, अदनान, ईशान, यशवी, लक्षी पाल एवं पलक उपाध्याय का नाम शामिल रहा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जानसठ टीम को बड़ी टीम ट्रॉफी एवं कोच मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी 31 मई को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन और निरंतर अभ्यास का महत्व बताया। इस अवसर पर आदित्य धनराज, अर्पित चौधरी, खुशी पंवार, दिलीप शर्मा, दीपक शर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्साह और उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर उपस्थित लोगों ने खिलाड़ियों की जमकर सराहना की।

## साधु-साध्वियों की सुरक्षा को सौंपा ज्ञापन

**धामपुर।** महिला जैन मिलन 'अरिहन्त' शाखा ने रीवा, मध्य प्रदेश में जैन साध्वियों के पद विहार के दौरान हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में बताया गया कि तेज रफ्तार कार की टक्कर से जैन आर्यिका श्री श्रुतमती माताजी एवं श्री उपशममती माताजी का आकस्मिक निधन हो गया। जिससे जैन समाज में भारी आक्रोश और शोक व्याप्त है। महिला जैन मिलन की अध्यक्ष भावना जैन एवं मंत्री सीमा जैन ने मांग की कि देशभर में पद विहार कर रहे जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू किया जाए। साथ ही दुर्घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सांसद डा. यशवंत सिंह, उदित जैन, नमन जैन, ऋषभ जैन, दीपक जैन, मनोज जैन आदि रहे।

# थायराइड को लेकर महिला चिकित्सालय में सेमिनार



**मुजफ्फरनगर।** जिला महिला चिकित्सालय की सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय की अध्यक्षता में विश्व थायरॉयड दिवस के अवसर पर अस्पताल के मीटिंग हॉल (प्रथम तल) में Congenital Hypothyroidism - Early Diagnosis - Management in Newborns विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन SNCU के नोडल ऑफिसर डॉ. अनुज राजवंशी द्वारा किया गया। सेमिनार में नवजात शिशुओं में जन्मजात थायरॉयड कमी (Congenital Hypothyroidism) की समय पर पहचान एवं उपचार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. अनुज राजवंशी ने बताया कि यदि जन्म के तुरंत बाद इस बीमारी की पहचान न हो सके तो बच्चे के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जबकि समय रहते जांच एवं उपचार मिलने पर बच्चा पूर्णत: सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। कार्यक्रम में चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से डॉ. फैजल परवेज़, डॉ. राधा चौधरी ,डॉ नीरज डॉ. संयम ,डॉ भावना एवं डॉ स्वाति उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान नवजात स्क्रीनिंग, प्रारंभिक जांच, उपचार प्रबंधन एवं जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को इस गंभीर लेकिन समय पर नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी के प्रति जागरूक करना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम प्रधानों के कार्यकाल में 6 माह की वृद्धि-मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रयासों से मिली बड़ी राहत

**मुज़फ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर न हो पाने के कारण प्रदेश सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सभी ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ा दिया गया है। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा था, ऐसे में शासन द्वारा जारी आदेश के बाद वर्तमान ग्राम प्रधान अब आगामी छह माह तक अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

इस निर्णय के पीछे मुज़फ्फरनगर जनपद के ग्राम प्रधानों की मांग और मंत्री कपिल देव अग्रवाल के विशेष प्रयास अहम रहे। कुछ दिन पूर्व जनपद के ग्राम प्रधानों ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग की थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर ग्राम प्रधानों के कार्यकाल में वृद्धि करने का अनुरोध किया था।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल के इस प्रयास को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक निर्णय लिया, जिससे प्रदेश के हजारों ग्राम प्रधानों को राहत मिली है। इस फैसले से न केवल पंचायत स्तर पर प्रशासनिक निरंतरता बनी रहेगी, बल्कि विकास कार्यों में भी किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय ग्राम पंचायतों की मजबूती और ग्रामीण विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान ही गांवों के विकास की आधारशिला होते हैं, और उनके अनुभव का लाभ निरंतर मिलता रहना आवश्यक है।यह निर्णय प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू प्रशासन और विकास कार्यों को निरंतर बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### तीन बच्चों संग लापता पत्नी की बरामदगी को पति ने लगाई गुहार

**भोपा।** क्षेत्र के गांव बाकरनगर में पति की गैर मौजूदगी में महिला तीन बच्चों के साथ अचानक घर से लापता हो गयी। पीड़ित पति ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बाकरनगर निवासी गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पिछले करीब 15 दिनों से रायपुर में मजदूरी करने गया हुआ था। बीते शुक्रवार की सुबह उसकी पत्नी मिथलेश घरेलू मनमुटाव के चलते अपनी बेटी साक्षी 18 वर्ष व दो बेटों मनीष 17 वर्ष और कृष्ण 14 वर्ष को साथ लेकर बिना किसी को बताए घर से चली गई। पीड़ित का कहना है कि उसने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन पत्नी और बच्चों का कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं पत्नी का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। पीड़ित गौतम ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पत्नी और बच्चों की गुमशुदगी दर्ज करने व बरामदगीकी गुहार पुलिस से लगाई है।

### हुसैनपुर कलां में बनाई नई पुलिस चौकी

**बुढ़ाना।** कानून व्यवस्था को और भी ज्यादा सुखढ़ बनाने के उद्देश्य से जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक देहात अक्षय संजय महाडिक के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां में नई हुसैनपुर कलां पुलिस चौकी की शुरुआत की गई है। उपनिरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह को हुसैनपुर कलां पुलिस चौकी का प्रथम इंचार्ज नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यह कदम उठाया गया है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में बढ़ते दायरे को देखते हुए गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के कार्य क्षेत्र को विभाजित कर हुसैनपुर कलां में नई चौकी स्थापित की गई है। इससे हुसैनपुर कलां और आसपास के गांवों में पुलिस की पहुंच और गश्त बढ़ेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बतलाया कि नई पुलिस चौकी बन जाने से क्षेत्र में पुलिस रिस्पांस टाइम कम होगा। संवेदनशील इलाकों में भी निगरानी बढ़ेगी और छोटी घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई संभव होगी। जनता को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### फोन हैक कर खाते से निकाले 56 हजार रुपये

**बुढ़ाना।** कस्बे के मोहल्ला चमारान निवासी एक युवक का फोन हैक कर साइबर ठगों ने बैंक खाते से 56 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित को दोपहर 11रू45 बजे खाते से रकम निकलने का मैसेज आया तो ठगी का पता चला। पीड़ित ने बुढ़ाना थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बुढ़ाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित अनुज कुमार पुत्र राजकुमार ने बताया कि उसका मोबाइल फोन बीती 24 मई से हैक किया हुआ था। फोन पूरी तरह से उसके नियंत्रण में नही था। इसी फोन से वह बैंक खाते का लेन देन करता था। पीड़ित के अनुसार सोमवार की दोपहर 11:45 बजे उसके खाते से 56 हजार रुपये निकल गए। बैंक से जानकारी करने पर पता चला कि यह रकम यूपीआई के माध्यम से एक खाते में ट्रांसफर की गई है। अनुज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना तुरंत बैंक को दी गई। अब उसने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी गई है।

# बालाजी धाम मंदिर में सहयोगियों का सम्मान



**पुरकाजी।** श्री बालाजी धाम मंदिर के वे वार्षिकात्सव एवं श्री शिव मंदिर स्थापित दिवस पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के समापन पर मंदिर संस्थापक पंडित घनश्याम दास शर्मा गुरुजी एवं मंदिर कमेटी द्वारा सभी स्थानीय पत्रकार बंधुओं और सहयोगियो का तहे दिल से आभार व्यक्त किया गया है। श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समीति के तत्वधान तथा पंडित घनश्याम दास शर्मा जी गुरुजी के सानिध्य और मार्गदर्शन मे सत्य बिहार कॉलोनी पुरकाजी में स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर के 11 वे एवं श्री शिव मंदिर स्थापना दिवस पर आयोजित भारी आस्था और श्र्ॉा हर्षोल्लास पूर्वक दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम मे समापन पर मंदिर संस्थापक पंडित घनश्याम दास शर्मा गुरु जी एवं महामंत्री डॉक्टर संदीप वर्मा द्वारा संयुक्त रूप सेस्थानीय पत्रकारों काएवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पत्रकारों केइस समर्पण और सहयोग से मंदिर की गतिविधियां को जन-जन तक पहुंचने में भारी मदद मिली है हम सभी पत्रकार बंधुओं के प्रति हार्दिक धन्यवाद और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं बालाजी धाम मंदिर सेवा समीति द्वारा भी पत्रकारों के इस योगदान को काफी सराहा गया है।और भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा जताई गई है। मंदिर कमेटी ने सभी पत्रकारों को उनके निष्पक्ष और प्रभावी पत्रकारिता के लिए एक बार फिर धन्यवाद दिया है।

# 10 दिवसीय जैन संस्कार शिविर का शुभारंभ

**शाहपुर।** कस्बे मे दस दिवसीय जैन संस्कार शिविर का शुभारम्भ हुआ। कस्बे के मोहल्ला महाजनान मे स्थित जैन स्थानक मे विगत पिछले दस वर्षो से लगातार जैन संस्कार शिविर का आयोजन होता आ रहा है। जैन संस्कार शिविर बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवक.ाश के दौरान दस दिनों के लिए लगाया जाता है। इस शिविर का आयोजन जैन मुनि श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिष्य राजऋषि संत श्री राजेंद्र मुनि जी महाराज की पावन प्रेरणा व आशीर्वाद से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब व अनेको राज्य मे अधि. कतर जगहों पर आयोजित किया जाता है।

शिविर मे सभी विद्यार्थियों को बैग, पेन, कॉपी व अन्य आवश्यक सामग्री दी जाती है। स्थानक मे आयोजित जैन संस्कार शिविर मे जैन स्थानक कमेटी के कोषाध्यक्ष संजीव जैन ने कहा कि इस तरह के शिविर से बच्चों को धार्मिक व सामाजिक शिक्षा मिलती है। बच्चे अपने संस्कार भूलते जा रहे हैं। बच्चों को संस्कार और संस्कृति की सही दिशा समाज के धार्मिक शिविरों के माध्यम से मिलती है। इस दौरान अतिथि के रूप मे गुरुभक्त नितिन जैन ने कहा कि जैन संस्कार शिविर का लक्ष्य बच्चों को हमारे संस्कार व संस्कृति को लेकर जाग्रत करना है। इस शिविर मे विशेष रूप से भगवान महावीर स्वामी के दिए गए उपदेशों की व्याख्या व बच्चों को जाग्रत करना है जैसे जियो और जीने दो व अहिंसा परमो धर्म। शिविर मे शिक्षा दे रही बरखा जैन व मनाली जैन का शिक्षक के रूप मे विशेष योगदान रहता है। शिविर को सफल बनाने मे राजेंद्र जैन, शिलचंद जैन, सतीश जैन, पंकज जैन, शुभम जैन, संजीव जैन, पारस जैन, नितिन जैन,ललित जैन, हर्षित जैन, अनंत जैन, रजत जैन आदि ने सहयोग किया।

## पशुओं में बीमारी से पशुपालक चिंतित

**नांगल सोती।** भीषण गर्मी से पशुओं में अफारा और बुखार की बीमारी फैल रही है। उपचार के बाद भी पशुओं की सेहत में सुधार न होने से पशुपालक चिंतित हैं। ग्राम हरचंदपुर, मायापुरी, चमरौला, सौफतपुर, महमसापुर, जीतपुर, शहजादपुर में इन दिनों भीषण गर्मी के कारण पशुओं में अफारा व बुखार की बीमारी ने पैर पसार रखे हैं।

# मुजफ्फरनगर से उठी गूंज: गौ माता को मिले राष्ट्रीय पशु का दर्जा

**मुजफ्फरनगर।** गौ-रक्षा के मुद्दे पर मुजफ्फरनगर की सियासत गरमा गई है। बुधवार को कांग्रेस पाटह्म ने कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करते हुए गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश सचिव एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष अब्दुल्ला आरिफ के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला. धिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भेजा।

दोपहर 12 बजे मीनाक्षी चौक से शुरू हुआ कांग्रेस का जुलूस नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करो, दोहरा चरित्र नहीं चलेगा, मोबलिंचिंग बंद करो के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से बातचीत में अब्दुल्ला आरिफ ने केंद्र और यूपी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क है। एक तरफ गाय के नाम पर वोट मांगे जाते हैं, भावनाएं भड़काई जाती हैं, दूसरी तरफ हकीकत यह है कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मीट एक्सपोर्टर है। आरिफ ने आंकड़े गिनाते हुए कहा, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत 70 देशों को मीट निर्यात करता है। इसमें सालाना 11 लाख टन भैंस का मीट और 5 लाख टन गाय का मीट शामिल है। यूपी खुद मीट एक्सपोर्ट का सबसे बड़ा हब है। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मोबीन राजपूत, जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी, नगर अध्यक्ष फैसल कुरेशी, एडवोकेट मुनव्वर, डॉ. अरशद राजपूत, शहर अध्यक्ष आमिर सैफी, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हातिम जफर महमूद, नरेश भारती, मुकुल शर्मा, हरदीप सिंह, शहर सचिव अनस मलिक, प्रवक्ता शाहबाज़ सैफी, हरमन पाल, हैदर राजपूत, शाहिल राजपूत, कल्लू राणा, साजिद राजपूत, नदीम कस्सर, राशिद बलियान, विनोद दीवान, प्रिंस बलियान, अधिवक्ता राशि बलियान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता आदि शामिल हुए।

## राकेश टिकैत का जोरदार स्वागत

**चांदपुर।** भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का चांदपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। चांदपुर तहसील अध्यक्ष नितिन राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों, नागरिकों ने उनसे मुलाकात की और फूल मालाओं से स्वागत किया। यूनियन तहसील कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, नगर अध्यक्ष मौहम्मद आशिक उर्फ बब्बू शेख, हिमांशु चिल्लर, ब्लॉक अध्यक्ष जलीलपुर चौधरी कल्याण सिंह, सईद अहमद, बिलाल अहमद, शाहरुख अहमद व बड़ी संख्या में किसान संगठन के लोगों ने राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

## ग्राम प्रधान ने गाली-गलौज जान से मारने की दी धमकी

**भोपा।** सोमवार दोपहर के समय गादला निवासी मुन्ना ने भोपा पुलिस को तहरीर देकर बताया की लगभग दस माह पूर्व बालिन्दर निवासी नन्हेडी ने मेरी कार. मे टक्कर मार दी थी जिसकी शिकायत मैने थाने मे दी थी जिसका समझौता ग्राम प्रधान शान मोहम्मद नन्हेडी ने 50000 रुपये मे करा दिया था ओर कहा था की पैसे बालिन्दर से नही मागने. मे दुगा। घटना रविवार शाम 7 बजे की है ग्राम प्रधान शान मोहम्मद हमारे गांव गादला किसी कार्य से आया था जब मैने अपने पैसो की मांग की तो ग्राम प्रधान हमारे घर आकर बोलो मे तुम्हारे पैसे नही दूगा जो हो सके कर लेना वह गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी।

## बस स्टैंड पर वाटर फ्रिज बना शोपीस,यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

**चरथावल।** क्षेत्र के गांव नगला राई मे भीषण गर्मी के दौर में आमजन को राहत देने के उद्देश्य से ग्राम सभा द्वारा नगला राई के मेन बस स्टैंड पर लगाया गया वाटर फ्जि अब महज शोपीस बनकर रह गया है। पानी की नियमित व्यवस्था न होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और भीषण गर्मी मे वाटर फ्जि के न चलने के कारण यात्रियों को पानी की भारी परेशानी उठानी पड़ रही हे

ग्रामीणों का आरोप है कि वाटर फ्जि की शुरुआत के समय केवल औपचारिकता निभाने के लिए टूंटी से पानी निकालकर केवल फोटो खिंचवा ली गई, लेकिन इसके बाद से इसकी किसी ने भी सुध नहीं ली । परिणामस्वरूप ठंडे पानी की सुविधा अब पूरी तरह निष्क्रिय हो चुकी है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर ग्राम सचिव को अनेको अवगत कराया जा चूका हे , लेकिन किसी भी अधिकारी और सचिव ने फ्जि की सुध लेना उचित नहीं समझा हे । ग्रामीणों का कहना है कि वे अनेको बार अलग अलग ग्रामवासी ग्राम सचिव को इस समस्या की जानकारी देना चाहते हैं, मगर उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिलता।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द वाटर फ्जि को चालू कराया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।और इसके तपती गर्मी मे आम आदमी को ठंडा पानी मिल सके और भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

# मुस्लिम महिला को हिंदू युवक ने दिया जीवनदान

**बुढ़ाना।** समय पर रक्त न मिलने से जिंदगी और मौत से जूझ रही एक मुस्लिम महिला को हिंदू युवक के रक्तदान ने नई जिंदगी दे दी। इस घटना ने जहां सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की वहीं समय समय पर लगने वाले रक्तदान शिविरों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला दक्षिणी भटवाडा निवासी शाइस्ता सिद्दीकी पत्नि शाहिद की बीते दिवस अचानक पेट के अंदर की नस फट जाने से हालत गंभीर हो गई थी। परिजन आनन फानन में उन्हें बुढ़ाना कोतवाली रोड पर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने तुरंत रक्त चढ़ाने की सलाह दी लेकिन अस्पताल और ब्लड बैंक में जरूरी ग्रुप का रक्त उपलब्ध नहीं था। परिजनों का आरोप है कि कस्बे में समय समय पर गिफ्ट का प्रलोभन देकर रक्तदान शिविर लगाने वाले संगठनों के जारी किए डोनर कार्ड उनके पास मौजूद थे। इसके बावजूद जरूरत पड़ने पर कोई भी संस्था या व्यक्ति रक्त देने को तैयार नहीं हुआ। मजबूरन परिजनों ने सोशल मीडिया ग्रुपों में मदद की गुहार लगाई। ग्रुप में ही यह मैसेज पढ़कर कस्बे के ही युवक अंकित त्यागी पुत्र जितेंद्र तुरंत अस्पताल पहुंचे और शाइस्ता के लिए रक्तदान किया। समय पर रक्त मिलने से शाइस्ता की जान बच गई। अब उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। अंकित के इस कदम की कस्बे में जमकर तारीफ हो रही है।

# जमीयत ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बुढ़ाना।** ईद उल अजहा पर्व को लेकर जमीयत उलेमा तहसील बुढ़ाना के कुछेक पदाधिकारियों ने सोमवार के दिन बुढ़ाना उप जिला अधिकारी कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपकर बुढ़ाना कस्बे में सफाई, पेयजल व्यवस्था और कुर्बानी के अवशेषों के उचित निस्तारण की मांग की।

जमीयत उलेमा ए हिंद बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के पदाधिकारियों ने एसडीएम बुढ़ाना कार्यालय को दिए ज्ञापन में बताया गया हे कि आगामी 28 मई को ईद उल अजहा का पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर बुढाना कस्बे में साफ सफाई और पेयजल की विशेष व्यवस्था की आवश्यकता है। ज्ञापन में ये भी कहा गया है कि इस त्योहार के दौरान कुर्बानी की जाती है जिसके बाद पशुओं के अवशेषों के समय पर उठान व उचित निस्तारण के लिए नगर पंचायत को निर्देशित किया जाए ताकि बुढाना कस्बे में गंदगी ना फैले और बीमारियों का भी खतरा ना हो। जमीयत उलेमा बुढ़ाना के प्रति. निधियों ने एसडीएम आफिस से मांग की है कि ईद उल अजहा से पहले और ईद के दौरान कस्बे में नियमित सफाई कराई जाए और साथ ही पेयजल की निर्बाध आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाए जिससे नमाजियों और आम लोगों को परेशानी ना हो। ये ज्ञापन जमीयत उलेमा बुढ़ाना तहसील के अध्यक्ष मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी के नेतृत्व में नवाब इम्तियाज, हाफिज इमामुद्दीन, हाफिज अय्यूब त्यागी, डाक्टर अब्दुल गफ्फार सैफी और मोहम्मद खालिद सहित अन्य कई उलेमाओं ने दिया।

## 110 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**नांगल सोती।** ग्राम सबलपुर बीतरा स्थित नैशनल पब्लिक स्कूल में जमीअत उलामा शाख कामराजपुर के सौजन्य से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में हाल ही में 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 110 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान इन मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में मुफ्ती उवैस अकरम (अध्यक्ष, जमीअत उलेमा बिजनौर), मुफ्ती शमसुद्दीन, मौलाना तय्यब कासमी आदि रहे।

# ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर श्रद्धा का सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ज्येष्ठ गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार को खतौली गंगनहर घाटों पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए घाटों पर पहुंचने लगे थे और देर शाम तक स्नान, पूजा-अर्चना व दीपदान का सिलसिला लगातार चलता रहा। पूरे गंगनहर क्षेत्र में मां गंगा के जयकारों, भजनों और घंटियों की मधुर ध्वनि से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

खतौली सहित आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित गंगनहर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर मां गंगा से परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और मंगल की कामना की। महिलाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा कर फूल, दीप, प्रसाद और नारियल अर्पित किए। कई लोगों ने घाटों पर बैठकर मंत्र जाप और धार्मिक अनुष्ठान भी किए। शाम ढलते ही घाटों पर दीपदान का मनमोहक ख्रश्य देखने को मिला। गंगनहर में तैरते दीपों की रोशनी ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई और लोग घंटों तक घाटों पर धार्मिक गतिविधियों में शामिल रहे। कई श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को दान-पुण्य भी किया। पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। किसी भी दुर्घटना से बचाव के लिए घाटों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी गई तथा श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न उतरने की अपील की जाती रही। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए बैरिकेडिंग की



व्यवस्था भी की गई थी। वहीं गंग. नहर सेवा समिति और स्वयंसेवी संगठन भी श्रद्धालुओं की सहायता में जुटे रहे। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को सुरक्षा संबंधी जानक. ारी देने के साथ जरूरत पड़ने पर सहयोग भी किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसी उपलक्ष्य में गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसी ब्विास के साथ हर वर्ष हजारों श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचते हैं। दिनभर गंगनहर क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना रहा। घाटों के आसपास लगी पूजा सामग्री, खिलौनों और खानपान की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिली। देर शाम तक श्रद्धालुओं के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा और पूरा क्षेत्र श्रद्धा व भक्ति में डूबा नजर आया।

## लोई गांव में स्कूल से दूसरी बार हुई चोरी

**फुगाना।** थाना फुगाना क्षेत्र के गांव लोई में चोरों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मिड डे मील का राशन, खाना बनाने के बर्तन और गैस सिलेंडर चुरा ले गए। दो सप्ताह में स्कूल में चोरी की यह दूसरी घटना है। ग्राम प्रधान युनूस और उच्च प्राथमिक विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने बताया कि विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। इसी का फायदा उठाकर देर रात चोरों ने दोनों विद्यालयों के ताले तोड़े और अंदर रखा मिड-डे मील का सामान, बर्तन व सिलेंडर चुरा लिए। ग्राम लोई के प्रधान युनूस अहमद के अनुसार करीब दो सप्ताह पहले भी अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर सामान चोरी कर लिया था। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में रोष है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विद्युत व्यवस्था को डीएम ने दिए आदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक बेहतर एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शामली आलोक यादव ने कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, लाइन लॉस, ट्रांसफार्मरों की स्थिति तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए तथा जर्जर विद्युत लाइनों की मरम्मत के कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को बिजली संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए विभागीय अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर नियमित निरीक्षण करें।

उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लाप. रवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह, समस्त अधिशासी अभियंता एवं सभी उपखंड अधिकारी उपस्थित रहे।

# घटतौली के आरोप में गेहूं क्रय केंद्र प्रभारी निलंबित, किसानों में नाराजगी

**शामली।** विकास खंड ऊन स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड (बी-पैक्स) के गेहूं क्रय केंद्र पर घटतौली के आरोप सही पाए जाने के बाद बड़ी कार्रवाई की गई है। जांच के बाद केंद्र प्रभारी इरफान अहमद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच जिलाधिकारी शामली के निर्देश पर गठित टीम द्वारा की गई थी। टीम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी, वरिष्ठ निरीक्षक बाट-माप, सहायक विकास अधिकारी ऊन तथा सहायक विकास अधिकारी (कोऑपरेटिव) शामिल थे। निरीक्षण के दौरान गेहूं खरीद में घटतौली की शिकायत की पुष्टि हुई, जिसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई। जारी आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि में इरफान अहमद को समिति कार्यालय से संबद्ध रखा जाएगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। हालांकि इस कार्रवाई को लेकर किसानों और स्थानीय लोगों में असंतोष भी देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जांच में घटतौली साबित हुई है, तो केवल निलंबन पर्याप्त नहीं है। आरोपियों के खिलाफ गबन और किसानों के आर्थिक शोषण के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए था। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इतनी गंभीर अनियमितता सामने आने के बावजूद अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, जिससे क्षेत्र में नाराजगी बढ़ रही है।

# मेले को निरस्त करने की मांग को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका कैराना के सभासदों ने कैराना के छडियान चौक पर प्रस्तावित मेले को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

सभासदों का कहना है कि पिछले वर्ष आयोजित मेले के दौरान झूले में झूलते समय एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी, जबकि मेले के दौरान झगड़े और अन्य आपराधिक घटनाओं के कारण दो मुकदमे भी दर्ज हुए थे। इसी को देखते हुए इस बार मेले को रोकने की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, सभासदों ने कहा कि मेले में कई तरह की खामियां रहती हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मेला स्थल के ऊपर 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन गुजर रही है, जिसके कारण पहले भी अनुमति नहीं दी गई थी। सभासदों ने आरोप लगाया कि मेला आयोजन से असामा. जिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ता है, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है। इसके अलावा ध्वनि प्रदूषण, भीड़भाड़ और अनावश्यक खर्च जैसी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। सभासदों ने जिलाधिकारी से मांग की कि जनहित और सुरक्षा को देखते हुए मेले को तत्काल निरस्त किया जाए। इस मौके पर शकुलत, शाहिद, वासिद, राजपाल, तौसीफ चौधरी, नसरीन, उम्मेद, मोहसीन अली, साजिद, नौशाद, कोमल, अंजू सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

# डीएम ने की पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिलाधिकारी शामली श्री आलोक यादव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हामिद हुसैन, डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी डूडा, अग्रणी जिला प्रबंधक तथा समस्त बैंक जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बैंकवार पीएम स्वनिधि योजना की विस्तृत समीक्षा की और बैंकों में लंबित आवेदनों पर नाराजगी व्यद्र की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रथम ऋण, द्वितीय एवं तृतीय किश्त के लिए लंबित मामलों का निस्तारण शीघ्रता से किया जाए तथा पात्र पथ विक्रेताओं को बिना अनावश्यक देरी के ऋण स्वीकृत कर वितरित किया जाए। जिला. धिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लाभार्थियों को ऋण देने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए तथा कम से कम औपचारिकताओं में ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि पथ विक्रेताओं को अपनी दैनिक मजदूरी छोड़कर बार-बार बैंकों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने कहा कि यह योजना शहरी पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका लाभ पात्र सभी लोगों तक समय पर पहुंचना चाहिए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के



अंतर्गत प्रथम चरण में 15,000 रुपये, द्वितीय चरण में 25,000 रुपये तथा तृतीय चरण में 50,000 रुपये तक का ब्याज अनुदान आधारित आसान ऋण उपलब्ध कराया जाता है। यह ऋण नियमित पुनर्भुगतान पर आधारित होता है और डिजिटल लेनदेन को भी प्रोत्साहित करता है। लाभार्थी इस योजना का लाभ लेने के लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) शामली या संबंधित नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विषैला पदार्थ खाने से महिला की मौत, मचा कोहराम

- पति-पत्नी के विवाद के बाद महिला ने उठाया खौफनाक कदम
- तीन मासूम बेटियां हुई बेसहारा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव रसीदगढ़ में पारिवारिक विवाद के बाद एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार गांव रसीदगढ़ निवासी मोनू पुत्र लीलू की पत्नी प्रमिला ने रविवार रात करीब 9:30 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जा रहा है कि प्रमिला अपनी पुत्री के साथ शाकुम्भरी घूमने गई थी। वहां से लौटने के बाद पुत्री ने अपने पिता को बताया कि उसकी मां किसी अन्य व्यक्ति के साथ होटल में रुकी थी। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद प्रमिला ने कथित रूप से घर पहुंचकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी। वह अपने पीछे तीन मासूम बेटियां गौरी (8), लावण्या (7) और काव्या (4) को छोड़ गई है। मां की मौत के बाद बच्चियों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। थानाभवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले में



अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की कैराना टीम ने नगर अध्यक्ष चौधरी इनाम (कालू) के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कैराना को ज्ञापन सौंपकर बिना अनुमति लगाए जा रहे मेले को तत्काल हटाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि यह मेला बिना प्रशासनिक अनुमति के लगाया गया है और निर्धारित मानकों के अनुरूप भी नहीं है, जिससे कानून व्यवस्था और जन सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। जानकारी के अनुसार, मेले में झूले और अन्य स्टॉल पहले ही लगाए जा चुके हैं, जबकि यह स्थल व्यस्त मार्ग और हाई टेंशन विद्युत लाइन के बेहद करीब स्थित है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जा रहा है। इस स्थिति को देखते हुए संगठन ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई कर मेले को हटाने और सुरक्षा मानकों की जांच कराने की मांग की है। इस मौके पर पुष्कर सिंह सैनी, चौधरी जुनेद पंजीट, नईम मिर्जा, मोहम्मद अहमद खान, मोहसिन जेदी, राजपाल मेम्बर, डॉक्टर तसव्वुर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एआईएमआईएम की समीक्षा बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार एवं आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मेहताब चौहान तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव डॉ. नीरज बौद्ध मौजूद रहे। इस दौरान जिला एवं प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर मंथन किया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठा रही है तथा गांव-गांव तक संगठन को मजबूत बनाने का अभियान चलाया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी रणनीति तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक में जिला महासचिव चौधरी जावेद, सचिव नासिर हसन, मोम. ीन चौधरी, मौलाना शहजाद, रिजवान अंसारी, याकूब फौजी, इरफान, कारी शहजाद और एडवोकेट नौशाद आदि मौजूद रहे।

# दलित युवती हत्याकांड में कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने महोबा में दलित युवती के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपा।

सोमवार को जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि महोबा में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही दलित युवती का टइूशन जाते समय कथित रूप से अपहरण कर लिया गया। आरोप है कि युवती के साथ कई दिनों तक अमानवीय व्यवहार और शारीरिक प्रताड़ना की गई, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने तथा कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। साथ ही दोषियों की संपत्ति पर भी कार्रवाई किए जाने की बात कही गई।

इस दौरान वीरपाल सिंह, डॉ. रामलाल सिंह, प्रमोद कश्यप, जावेद, प्रदीप कश्यप और शाहरूख सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ड्यूटी के दौरान होमगार्ड पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगा पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ड्यूटी के दौरान एक सफाई कर्मी के साथ कथित अभद्रता और मारपीट के मामले को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ में आक्रोश फैल गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी होमगार्ड के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला आलकलां निवासी मेहरबान, जो नगर पालिका परिषद कैराना में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत है, 24 मई की शाम ई-रिक्शा से कार्य कर रहा था।



इसी दौरान भारत गैस एजेंसी के सामने उसके वाहन में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते वह वाहन सड़क किनारे खड़ा कर मैकेनिक बुलाने चला गया। आरोप है कि इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड मौके पर पहुंचा और वाहन हटाने को लेकर सफाई कर्मी से अभद्रता करने लगा।

विरोध करने पर कथित रूप से गाली-गलौज की गई और मारपीट भी की गई। इतना ही नहीं, मौके पर पहुंचे अन्य सफाई कर्मियों के साथ भी दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो सफाई कर्मचारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

शामली। शहर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनपी सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देश का भविष्य बताया।

# एक सप्ताह से लापता युवती खुद पहुंची थाने, पुलिस ने परिजनों को समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे से एक सप्ताह पूर्व लापता हुई युवती के मामले में सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया। जब युवती के परिजन शामली स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पलायन की चेतावनी देते हुए घर की चाबियां सौंपने की बात कहने लगे। इसी दौरान युवती स्वयं थानाभवन थाने पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला हाफिज दोस्त निवासी 19 वर्षीय युवती 19 मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर से चली गई थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए गांव मसावी निवासी एक युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। युवती का पता न चलने पर रविवार को परिजनों ने पलायन की चेतावनी दी थी। सोमवार को परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे। इसी बीच युवती के थानाभवन थाने पहुंचने की सूचना मिल गई। पुलिस ने युवती को संरक्षण में लेकर उसके बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने परिजनों से वार्ता कर उन्हें आश्वस्त किया। जिस पर उन्होंने अपना विरोध समाप्त कर दिया और वापस थानाभवन लौट गए। थानाभवन प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत का कहना है कि युवती के बयान के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। लड़की को परिजनों को सौंप दिया गया।

# रीवा में सड़क हादसे में दो जैन साधवियों की मौत, जैन समाज में शोक और आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मध्य प्रदेश के रीवा में तेज र फ्तार कार की टक्कर से दो जैन साध्वियों की दुखद मौत हो जाने पर जैन समाज में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। जैन संगठनों ने इस घटना को बेहद गंभीर बताते हुए जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, जैन मिलन शामली, युवा जैन मिलन जागृति, युवा जैन मिलन एवं जैन मिलन सिद्धार्थ के पदाधिकारियों ने सोमवार को इस घटना पर रोष व्य क्त करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। बताया गया कि रीवा में विहार के दौरान हुई इस सड़क दुर्घटना में साध्वी श्रुतमती माताजी एवं उपशममती माता की मृत्यु हो गई। घटना के बाद जैन समाज में भारी आक्रोश है, विशेषकर इस बात को लेकर कि दुर्घटना करने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जैन संगठनों ने कहा कि जैन साधु-साध्वियां पूर्णत: अपरिग्रही होते हैं और जीवनभर पैदल विहार करते हैं।

ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि पूरे मध्य प्रदेश में विहार कर रहे जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए तत्काल दिशानिर्देश जारी किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही संगठन ने इस हादसे की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की है। इस मौके पर अंकित जैन, राजकुमार जैन, अमनेश जैन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नौतपा में लू और भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार से नौतपा की शुरुआत होते ही जिले में भीषण गर्मी ने अपने तेवर और तीखे कर दिए हैं। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे लोगों को दिनभर तपती गर्मी का सामना करना पड़ा।

सुबह से ही सूरज की तीखी किरणें लोगों को परेशान करती रहीं और दोपहर होते-होते शहर की सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर आवाजाही काफी कम हो गई। लोग केवल अत्यावश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकलते नजर आए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार



आगामी तीन दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना बेहद कम है।

नौतपा के प्रभाव से तापमान में और वृद्धि हो सकती है, जिससे जनजीवन पर और अधिक असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। भीषण गर्मी का असर इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी दिखाई दे रहा है। जहां एक ओर लोग लू से बचाव के उपाय करते दिखे, वहीं पक्षी जलस्रोतों की ओर रुख कर रहे हैं और पशुओं को भी अधिक पानी की आवश्यकता पड़ रही है।

शहर के फव्वारा चौक, बड़ा बाजार और मिल रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि सोमवार को न्यूनतम तापमान घटकर 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। भीषण गर्मी और लू के चलते पूरा क्षेत्र प्रभावित नजर आ रहा है और लोग गर्मी से बचाव के लिए सावधानियां बरत रहे हैं।

## 29 मई के बाद बदल सकता है मौसम

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर यूपी शाही के अनुसार 29 मई के बाद मौसम में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। उनके अनुसार आगामी दिनों में वातावरणीय परिस्थितियों में परिवर्तन होने की संभावना है, जिसके चलते लोगों को भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिल सकती है। प्रोफेसर शाही ने बताया कि यदि बादलों की आवाजाही शुरू होती है और हवाओं की दिशा में बदलाव होता है तो तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जा सकती है। इससे दिन के समय पड़ रही तीखी धूप और लू के असर में कुछ कमी आने की उम्मीद है। हालांकि, यह राहत पूरी तरह स्थायी नहीं होगी और मौसम की स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 29 मई से पहले तक लोगों को तेज धूप, गर्म हवाओं और बढ़ती उमस का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, जिससे जनजीवन प्रभावित रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस अवधि में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है, खासकर दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# गंगा दशहरा पर यमुना घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

☐ गंदेवड़ा में गंगा-यमुना संगम पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुगण।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली/जलालाबाद।** गंगा दशहरा के अवसर पर बिडौली स्थित यमुना नदी घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर अपनी मनोकामनाओं की प्रार्थना की। सुबह से ही घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। स्नान करने आई महिलाओं ने यमुना किनारे बैठकर भजन-कीर्तन गाए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। एसडीएम ऊन विनय प्रताप सिंह भदौरिया ने बिडौली पुलिस चौकी इंचार्ज योगेंद्र कुमार के साथ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गोताखोरों से वार्ता करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी श्रद्धालु गहरे कुंड में स्नान न करे। यदि कोई व्यक्ति कुंड की ओर जाता दिखाई दे तो उसे तुरंत वहां से हटाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम से भी बातचीत कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने चौकी इंचार्ज योगेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि शाम तक लगातार निगरानी बनाए रखें, क्योंकि अक्सर अंतिम समय में हादसों की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि जब तक अंतिम श्रद्धालु सुरक्षित स्नान कर वापस न लौट जाए, तब तक पुलिस और प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात रहे, ताकि गंगा स्नान मेला सकुशल संपन्न हो सके। वहीं झिंझाना थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने भी बिडौली पुलिस चौकी इंचार्ज योगेंद्र कुमार व पुलिस टीम के साथ तपती धूप में अंतिम समय तक डटे रहकर कानून व्यवस्था संभाली। पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से स्नान कर अपने घरों की ओर प्रस्थान किया। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की व्यवस्था और चौकी इंचार्ज योगेंद्र कुमार की कार्यशैली की सराहना की। मेले में बच्चों के लिए खेल-खिलौनों की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी रहीं, वहीं मिठाइयों की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिली। पूरे दिन यमुना घाट पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

**जलालाबाद संवाददाता के अनुसार** क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध गंदेवड़ा गंगा-यमुना संगम घाट पर सुबह से ही भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ स्नान किया। सुबह 10 बजे तक स्थिति यह हो गई कि घाट पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची और इस बार की भीड़ ने पिछले वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान कर पूजा-अर्चना की तथा पुरोहितों को दान-दक्षिणा अर्पित की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए, जिसमें महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग स्नान क्षेत्र, गोताखोरों की तैनाती और पुलिस की लगातार गश्त शामिल रही। बिडौली यमुना घाट पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए घाट पर पहुंचीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। एसडीएम ऊन विनय प्रताप सिंह भदौरिया ने पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गोताखोरों को सख्त निर्देश दिए गए कि श्रद्धालु गहरे पानी की ओर न जाएं। झिंझाना थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना सहित पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहा, जिससे स्नान कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कैराना यमुना तट पर भी सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान कर सूर्य को अर्घ्य दिया और यमुना मैय्या की पूजा की। महिलाओं ने मंगल गीत गाए तथा ब्राह्मणों को वस्त्र, मिठाई और दक्षिणा अर्पित की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, पीएसी फ्लड निजी गोताखोर लगातार तैनात रहे।





## गंगा दशहरा पर सुरक्षा व्यवस्था का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सोमवार को जिलाधिकारी आलोक यादव और पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कैराना स्थित यमुना पुल एवं घाट क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान एसडीएम शिवाजी यादव ने यमुना घाट पर की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही घाट क्षेत्र और यमुना पुल पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन और सेवाएं सक्रिय रखी गई हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। गंगा दशहरा पर्व पर यमुना घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। प्रशासन की सतर्कता के चलते पूरे दिन व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती रहीं।

## भारतीय विद्यार्थी संगम के अधिष्ठापन समारोह में नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में 40वें अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ललित बिंदल, यशपाल पवार, विजय कौशिक, अरविंद दृष्टा महाराज एवं सुनील गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद कौशिक और मनोज धीमान ने किया। अधिष्ठापन अधिकारी अरविंद संगल ने नई टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नई कार्यकारिणी में संयोजक अनुज जैन, अध्यक्ष डॉ. अर्जुन वर्मा, सचिव डॉ. नीरज वशिष्ठ और कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर अरविंद संगल ने कहा कि नई टीम समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करेगी। सचिव डॉ. नीरज वशिष्ठ ने कहा कि यह सत्र शिक्षा जगत में नई पहचान स्थापित करेगा। कार्यक्रम में संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर चोरी का खुलासा दो चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आदर्श मंडी पुलिस ने आदर्श मंडी और बाबरी क्षेत्र में हुई ट्रांसफार्मर चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके पांच साथी अभी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया तांबा, एल्युमिनियम का ट्रांसफार्मर सामान और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है।

सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि सिक्का गांव के जंगल, भिक्की देह, कैड़ी और कांधला क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चोरी की कई घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें अलग-अलग तारीखों पर ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचाकर उसका तेल और कॉयल आदि चोरी किया गया था। पुलिस जांच में सात आरोपियों के नाम सामने आए हैं, जिनमें नसीम उर्फ गुल्ला, साजिद, शमीम, आसिफ निवासगण सिक्का, दानिश भैंसानी इस्लामपुर, थानाभवन, मोसीन और लाला उर्फ ललित मित्तल (शामली) शामिल हैं। इनमें से नसीम उर्फ गुल्ला और साजिद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने कई वारदातें कबूल की हैं और बताया कि चोरी किया गया सामान उन्होंने एक साथी को बेच दिया था तथा पैसे आपस में बांट लिए थे। शेष सामान गन्ने के खेत में छिपाया गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। एएसपी ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही पूरे गिरोह को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



एक नजर

## गंगा दशहरा पर जगह-जगह लगी मीठे पानी की छबील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर जिलेभर में सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह मीठे पानी और शर्बत की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर लोगों ने पुण्य कार्य किया।

सोमवार को शहर के करनाल रोड पर एएसपी सुमित शुक्ला द्वारा शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों राहगीरों और वाहन चालकों को ठंडा शर्बत वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। समाज सेवा के इस कार्य में उनकी पत्नी, बच्चे एवं अन्य पुलिसकर्मी भी सहयोग करते नजर आए। वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की झिंझाना नगर इकाई द्वारा ''सेवार्थ विद्यार्थी अभियान'' के अंतर्गत शीतल शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद कार्यकर्ताओं ने राहगीरों एवं जरूरतमंद लोगों को शीतल पेय वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर मंत्री अंश मित्तल, नगर छात्रा प्रमुख अंशिता शर्मा, नगर सह मंत्री यश शर्मा, विनय तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सेवा का प्रेरणादायी कार्य बताया।

## मांग पूरी न होने पर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर, शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से चल रहे धरना-प्रदर्शन के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है और कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ एवं स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ द्वारा नगर पालिका शामली के क्षेत्रफल में बढ़ोतरी को देखते हुए 100 सफाई कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति सहित कई मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। इसके अलावा डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा वेतन देने, संविदा कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने, सफाई कर्मचारियों का वेतन 18 हजार रुपये करने, दो सुपरवाइजरों को पुनः कार्यवाहक सफाई नायक पद पर नियुक्त करने तथा सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को बढ़ी हुई पेंशन का लाभ देने जैसी मांगें शामिल हैं। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि लगातार मांगों पर ध्यान न दिए जाने से उन्हें हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इस दौरान अमित कुमार तेश्वर, विनोद निर्वाल, राजन पाहीवाल, धर्मेन्द्र झंझोट, जितेन्द्र टांक आदि मौजूद रहे।

# रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने एमबीए, एमसीए, बीबीए व बीसीए के छात्रों का साक्षात्कार लेते हुए उनका चयन किया। इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज परिसर में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव (रोजगार मेले) में नोएडा, दिल्ली, गुड़गांव आदि शहरों से पहुंची विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को साक्षात्कार लेकर उनका चयन किया।

प्राचार्य डॉ. वकील अहमद व युनूस हाशमी ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होते हैं। पढ़ाई के साथ साथ नौकरी मिल जाना किसी सपने के साकार होने से कम नहीं होता। जो जिन छात्रों का चयन नहीं होता उन्हें भी मायूस नहीं होना चाहिए क्योंकि इंटरव्यू और चयन प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं।




## अज्ञात युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**शामली।** झिंझाना रोड स्थित अपना घर आश्रम के निकट सोमवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले लोगों ने जब सड़क किनारे शव पड़ा देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए और जांच पड़ताल की। पुलिस को मृतक की जेब से एक कंपनी का आईकार्ड मिला, जिस पर नितीश भारद्वाज नाम अंकित था। पुलिस ने आईकार्ड पर दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, लेकिन संबंधित कंपनी की ओर से बताया गया कि वह युवक उनका कर्मचारी नहीं है। इससे शिनाख्त की प्रक्रिया और भी पेचीदा हो गई। मौके से मिले एक बैग की भी जांच की गई, जिसमें चने और मुरमुरे बरामद हुए हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक किसी यात्रा या सफर पर था, लेकिन उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटाई, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।

# दुष्कर्म व गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किशोरी से दुष्कर्म के दो आरोपियों और गैंगस्टर एक्ट में काफी समय से वांछित चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी नदीम कॉलोनी सहारनपुर निवासी आस मोहम्मद और शामली के हलगोया गांव निवासी आर्यन को साखन नहर के समीप से गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ 22 मई को क्षेत्र निवासी एक महिला ने बेटी के साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

आरोप है कि दोनों आरोपियों ने बेटी को बहला फुसलाकर उसे नशीला पदार्थ खिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। वहीं, पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी तल्हेड़ी चुंगी निवासी अय्यूब को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अय्यूब शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ वर्ष 2018 व 2019 में गैंगस्टर एक्ट में प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।



# भारत की असली ताकत गांवों में बसती है : कमल

**नागल।** पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. कमल टावरी ने ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि भारत की असली ताकत गांवों में बसती है। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त करना बेहद जरूरी है। कस्बे मे मनोज उपाध्याय के निवास पर आयोजित एक बैठक मे डॉ. टावरी ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में समाज अपने पारंपरिक संस्कारों और नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है, जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने युवाओं से आ]वान किया कि वे गांवों में रहकर स्वरोजगार, कुटीर उद्योग और लघु उद्योगों को बढ़ावा दें, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि यदि गांवों में छोटे उद्योग स्थापित किए जाएं तो पलायन की समस्या भी कम होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। उनका मानना है कि आत्मनिर्भर गांव ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव बन सकते हैं। इस दौरान मनोज उपाध्याय, उषा उपाध्याय, पंकज त्यागी, डॉ। सर्वेश कुमार, गीता चौधरी, जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में 'इंडिया इन वन फ्रेम' थीम पर होगा भव्य समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** "एक शिक्षित बेटी केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज को रोशनी देती है।" इसी सोच को साकार करते हुए नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मेधावी छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम "इंडिया इन वन फ्रेम" थीम पर आधारित होगा, जिसमें विभिन्न धर्मों, शिक्षा जगत और साहित्य से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होकर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देंगी।

समारोह में मेरठ के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पंवार, मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. अख्तरुल वासे, केंद्रीय विद्यालय देहरादून के पूर्व प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत सिंह तथा सहारनपुर चर्च के पादरी फॉदर जॉन चिमन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। प्रसिद्ध शायर एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. नवाज देवबंदी ने बताया कि "इंडिया इन वन फ्रेम" का उद्देश्य देश की गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूती प्रदान करना और समाज में प्रेम, भाईचारे व आपसी सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों से सजा ऐसा खूबसूरत गुलदस्ता है, जिसकी खुशबू पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है। उन्होंने बताया कि समारोह में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा के महत्व के साथ-साथ सामाजिक समरसता, सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश भी दिया जाएगा।



## ईद पर की सरकारी दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील

**देवबन्द।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मेरठ प्रांत संयोजक राव मुशर्रफ अली ने कहा कि त्यौहार सौहार्द के प्रतीक होते हैं। इसलिए मुसलमान भाई ईद-उल-अजहा पर दूसरों की भावनाओं का खास ख्याल रखें। उन्होंने सरकारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सडकों पर नमाज न पढने की भी अपील की।

# नए पदाधिकारियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा तहसील देवबंद का वार्षिक चुनाव सोमवार सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस दौरान नए पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया।

संगठन के तहसील कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रधान पद पर अमरीश आर्य, मंत्री पद पर डा. सुरेंद्र आर्य, कोषाध्यक्ष पद पर राजबीर आर्य, आडिटर शिवराज आर्य, उप प्रधान देवीदयाल आर्य, ब्रज भूषण आर्य, उपमंत्री यशपाल आर्य, मुकेश आर्य, मीडिया प्रभारी पंकज आर्य जबकि कन्हैया आर्य को सह मीडिया प्रभारी पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सभा में उपमंत्री मनोनीत किए जाने पर अनुराग आर्य, जिला सभा के प्रधान महिपाल आर्य, जिला सभा में उप प्रधान मुकेश आर्य, जिला सभा में उपमंत्री विपिन आर्य समेत सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष महिपाल आर्य ने किया। इस दौरान ईश्वरचंद आर्य, मा. जनेश्वर प्रसाद, अजब सिंह आर्य, साधुराम आर्य आदि शामिल रहे।



**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम खुमैनी जैदी से बदलकर खुर्रम जैदी रख लिया हैं। अब आईंदा भविष्य में मुझे खुर्रम जैदी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

खुर्रम जैदी पुत्र नाजिर जैदी
निवासी मकान नं0 1525
शाहबुद्दीन मार्ग रामपुरी
मुजफ्फरनगर

# एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर किया हनुमान चालीसा का पाठ

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जनपद धार्मिक और आंदोलनकारी माहौल उस समय देखने को मिला, जब बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज, मंदिरों के पुजारी तथा स्वर्ण समाज के लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे और धरना-प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन मंदिर पुजारी विजय शास्त्री के खिलाफ दर्ज मुकदमों के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की तथा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इससे पूर्व आंदोलनकारी हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान पर एकत्रित हुए ओर वहां जुलूस के रूप में एसएसपी कार्यालय पहुंचने लगे। प्रदर्शनकारियों ने एसएसपी अभिनदंन को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि पुजारी विजय शास्त्री के खिलाफ दर्ज एससी-एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के मुकदमों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। उनका कहना था कि यदि जांच में आरोप असत्य पाए जाते हैं तो शिकायतकर्ताओं के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए।



पुलिस के अनुसार मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित शिव मंदिर से जुड़ा है। आरोप है कि शुक्रवार को मंदिर परिसर में मौजूद पुजारी विजय पंडित (65) पर गांव की 10 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगा। बच्ची की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं के साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।वहीं, आरोपी पक्ष और प्रदर्शन में शामिल लोगों का दावा है कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है और पुजारी को गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। मामले की जांच जारी है। प्रदर्शन में राहुल शर्मा, ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय प्रभारी पं.अंकित शर्मा, अध्यक्ष डा.सुनील शांडिल्य, सर्वजीत शर्मा, श्रीकांत शर्मा, गिरीश शर्मा, सुनील गुप्ता, अरुण राणा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, गोकर्णनाथ शर्मा, राहुल लखनपाल शर्मा, विजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज एवं अन्य वर्गों के लोग उपस्थित रहे।

# उप श्रमायुक्त वंदना निलंबित, विभागीय जांच के दिए आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन ने सहारनपुर क्षेत्र की उप श्रमायुक्त श्रीमती वंदना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासन ने उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के तहत विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने के साथ जांच के आदेश जारी किए हैं।

जांच अधिकारी के रूप में सचिव, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ को नामित किया गया है। शासन द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 के अंतर्गत एक मामले में पारित आदेशों को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि ईसीए वाद संख्या-11\2019 में पूर्व में पारित निर्णय के बाद संबंधित मामले में पुनः सुनवाई कर आदेश पारित किया गया तथा लगभग 18 लाख रुपये और ब्याज की वसूली के लिए जारी प्रमाण-पत्र को बाद में वापस लिया गया, जबकि ऐसा करने का वैधानिक अधिकार उपलब्ध नहीं था। आदेश में कहा गया है कि मेरिट के आधार पर पारित आदेश की समीक्षा या रिकॉल कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। शासन ने इसे कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के प्रावधानों और विधिक प्रक्रिया के प्रतिकूल माना है तथा इससे कर्मचारी पक्ष को विधिक अधिकारों से वंचित होने की बात कही है। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में अस्पताल भवन निर्माण लागत से संबंधित उपकर निर्धारण में भी नियमों की अनदेखी और मनमाने तरीके से उपकर आकलन किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। शासन के अनुसार इससे उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड को वित्तीय हानि पहुंची। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में श्रीमती वंदना श्रमायुक्त कार्यालय, कानपुर से संबद्ध रहेंगी तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# गुरुद्वारा श्री सिंह सभा पहुंची यात्रा



**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन में एक डेलिगेशन कुलदीप सिंह भूल्लर के नेतृत्व में न्याय यात्रा बेहट विधानसभा के गांव बादशाहपुर में गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में पहुंची, जहां यात्रा का स्वागत किया गया।

इस दौरान बेहट विधायक उमर अली खान, जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, विधानसभा अध्यक्ष रागिब अली, शमशाद, फुरकान, प्रीतम सिंह, गुरदीप सिंह, दर्शन सिंह, बीबी मंजीत कौर, बीबी मनप्रीत कौर बीबी स्वर्ण कौर बीबी हरमिंदर कौर भाई विनोद, नसीब सिंह, सतविंदर सिंह, गुरनाम सिंह, रौनक सिंह, परविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## किसान यूनियन व टोलकर्मियों के बिच नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** कोलकी टोल आय दिन विवादों मे घिरा रहता है।

सोमवार के दिन भी कोलकी टोल पर हंगामा देखने को मिला जहाँ किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ व टोल कर्मियों के बिच तीखी नोकझोंक हुई। घंटो तक बहस बाजी चलती रही टोल कर्मियों द्वारा यूनियन के बिच आपसी सुलह होने के बाद यूनियन की घर वापसी हुई। आपको बता दें की पिछले एक सप्ताह से कोलकी टोल पर लगातर विवाद चल रहे है पहले दो दिन लगातार धरना प्रदर्शन चलता रहा।

# विभागीय कार्यों के बहिष्कार की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ की बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों के साथ अशोभनीय व्यवहार पर रोष व्यक्त किया गया तथा उनके ट्रांसफर होने तक विभागीय कार्यों के बहिष्कार की घोषणा की गई।



मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ की बैठक की अध्यक्षता यामीन इदरीसी व संचालन विकास पंवार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पवन सिंह राठौर ने महासंघ को वित्तविहीन विद्यालयों का सुरक्षा कवच बताते हुए अधिक से अधिक शिक्षकों को जोड़ने का आह्वान किया।मंडल अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्रा ने कहा कि महासंघ सहयोगी अधिकारियों का सम्मान करता है, लेकिन तानाशाही और भ्रष्ट रवैया अपनाने वालों का विरोध किया जाएगा। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने फर्जी स्कूल संचालकों द्वारा शिक्षा विभाग और शिक्षकों के बीच दूरी बढ़ाने के ड्रामे की निंदा करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की सराहना की।खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर मनिहारान द्वारा शिक्षकों के साथ किए गए अशोभनीय व्यवहार के विरोध में महासंघ ने उनके ट्रांसफर की मांग को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया।इस दौरान योगेश गुप्ता, रविंद्र कुमार, महक सिंह सहित दर्जनों शिक्षकों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि खंड शिक्षा अधिकारी का ट्रांसफर होने तक सभी विभागीय कार्यों का पूर्ण बहिष्कार रहेगा।

इस दौरान संगठन से जुड़े शिक्षक मौजूद रहे।

# चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम आज क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान सबरीपुर जाने वाले रास्ते से एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 208 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान शहनवाज उर्फ भूरा, पुत्र शफीक, निवासी ग्राम फरकपुर नवादा के रूप में हुई है।

इस गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद थाना फतेहपुर में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि इस मादक पदार्थ की तस्करी के तार पीछे कहाँ से जुड़े हैं और आगे यह माल किसे सप्लाई किया जाना था, यानी इसके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक्स को खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के साथ उपनिरीक्षक बबलू कुमार, हेड कांस्टेबल ललित कुमार, हेड कांस्टेबल बबलू राणा और कांस्टेबल धनुज कुमार शामिल रहे।

# पुलिस अधिकारियों का बेहट ईदगाह में निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** ईद उल अजहा को लेकर पुलिस अधिकारियों ने ईदगाह कमेटी और नगर पंचायत बोर्ड के मेंबरों के साथ लेकर बेहट कस्बे की ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने खुले में कुर्बानी ना करने और सड़को पर नमाज न पढ़ने की बात कही।



दरअसल, गुरुवार (जुमेरात) को ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया जायेगा। कसबे की ईदगाह में सबसे ज्यादा लोग ईद उल अजहा की नमाज अदा करने आते है। नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की जाती है। इसी को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत, अतिरिक्त निरीक्षक संजीव शर्मा, ने ईदगाह कमेटी के सदस्यों के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने कहा कि ईद के दिन शांति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज न पढ़े और साथ ही निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी करे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान ने कहा कि ईद उल अजहा त्यौहार के मौके पर नगर में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था रहेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष और ईदगाह कमेटी के सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों को आश्वस्त किया कि ईद के दिन खास ध्यान रखा जाएगा इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदस्य पीरू मियां, एम ए काजमी, सभासद, सत्य प्रकाश रोहिला, गुल्लू अहमद, मुर्तजा राही, फैसल मिर्जा, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक बाबू ओमप्रकाश, अरहान, मामा नादिर शेख आदि मौजूद रहे।

# पार्टनरशिप के नाम पर ठगी

**नागल।** सहारनपुर के नयागांव रामनगर निवासी एक व्यक्ति ने सिलाई फैक्ट्री में पार्टनरशिप करने के नाम पर क्षेत्र के ही एक व्यक्ति पर छह लाख रुपये की ठगी करने का कथित आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

जानकारी के मुताबिक गांव रामनगर नयागांव निवासी चांद ने शिकायत मे कहा है कि उसकी करीब दो माह पूर्व गांव बसेड़ा निवासी एक युवक से जान-पहचान हुई थी। आरोप है कि युवक ने उसे सिलाई फैक्ट्री खोलने का सपना दिखाया और कहा कि यदि दोनों साझेदारी में काम करें तो अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। आरोपी ने फैक्ट्री लगाने, मशीनें खरीदने और व्यापार शुरू करने के नाम पर धीरे-धीरे उससे छह लाख रुपये ले लिए। इनमें कुछ रकम ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए भेजी गई, जबकि कुछ नकद दी गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब फैक्ट्री लगाने का काम शुरू नहीं हुआ तो उसे शक हुआ। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगा और बाद में पैसे लौटाने से साफ इंकार कर दिया। चांद ने आरोप लगाया कि जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है।

## व्यवस्थाओं का जायजा

**गंगोह।** ईद अल-अजहा के मद्देनजर नगर में तैयारियां तेजी से चल रही है। इसी क्रम में मोहल्ला कुरेशियान स्थित ईदगाह पर प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


कोतवाली प्रभारी इन्द्रेश चौहान, सीओ अशोक सिसोदिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नोमान मसूद ने नगर पालिका टीम को लेकर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ईदगाह परिसर में साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था व अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ईदगाह में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सौहार्द से मनाएं ईदः अमजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** ईद उल अजहा पर्व को धार्मिक भावना, स्वच्छता, संवेदनशीलता और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं।



सामाजिक कार्यकर्ता अमजद नवाज नदवी ने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण और मानवता का पर्व है। इस अवसर पर विशेष रूप से साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए तथा ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के अवशेषों का उचित निस्तारण किया जाए और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचा जाए। उन्होंने नागरिकों से प्रशासन और पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा, शांति और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। ईद की खुशियों में जरूरतमंदों को भी शामिल करें और समाज में प्रेम, करुणा तथा सहयोग की भावना को बढ़ावा दें।उन्होंने कहा कि इस्लाम स्वच्छता, अनुशासन और पड़ोसियों के अधिकारों की शिक्षा देता है। इसलिए ईद के अवसर पर विशेष सावधानी बरतते हुए आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखा जाए। धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

# महिलाओं व बालिकाओं से संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने महिला सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया है। मामला थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बड़कला का है, जहाँ आयोजित संत निरंकारी महिला समागम के पंडाल में एंटी रोमियो टीम ने दस्तक दी।



महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने वहाँ मौजूद भारी संख्या में महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि वे आज के डिजिटल दौर में किसी भी ऑनलाइन ठगी या उत्पीड़न का शिकार होने से बच सकें।

इस पूरे अभियान को जमीन पर उतारने में उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर के साथ एल.एच.सी. बबीता, और महिला रिक्रूट आरक्षी प्रीति, वीरवती, ममता, रूपाली, ललिता, संस्था, शुभांगी और दीक्षा ने बेहद सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस की इस तत्परता और जागरूकता पहल की समागम में आई महिलाओं और स्थानीय जनता ने जमकर सराहना की है।

## पुरस्कार वितरित

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपनी अपनी कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित गया।


**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम KIFAYAT ULLA KHAN दर्ज है। जो कि गलत है। मेरा सही नाम KIFAYATULLAH KHAN है। जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है।

**KIFAYATULLAH KHAN S/o SHAIF ULLA KHAN H.N. 3/376, KHANALAMPURA -2, NEAR MANGLO WALI MASJID, SAHARANPUR**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सुहैल व उसकी पत्नि रूकसाना को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौ. हारून पुत्र रोशन अली निवासी 34/1 मदरसा इशरतुल मदारिस हौजखेडी रोड, अमजद नगर कालोनी, सहारनपुर।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम (suvaleheen सुवालेहीन) हैं जो की गलत हैं मेरा सही नाम (SUWALEEHEEN सुवालीहीन) हैं मुझे SUWALEEHEEN सुवालीहीन पत्नी खुशनुद अली सिकंदरपुर भैंसवाल हरिद्वार के नाम से जाना जाए।


# पप्पू हत्याकांड के विरोध में भाकियू तोमर का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पप्पू कश्यप हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर आज पीड़ित परिवार, ग्रामीणों के साथ भाकियू तोमर पुलिस लाईन परिसर में अपना आदोलन शुरू कर दिया है।

किसान प्रदेश अध्यक्ष धमेन्द्र तोमर, जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी के नेत्तृव में पुलिस लाइन पहुंचे ओर दरी गद्दों के साथ धरने पर बैठ गये। प्रर्दशनकारी अपने साथ भोजन बनाने की व्यवस्था को लेकर पहुचे है तथा दोहपर का भोजन भी बनाया और खाया। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कई मांगें उठाईं। संगठन ने पप्पू कश्यप हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी, कथित फर्जी मुकदमे वापस लेने, अवैध खनन पर रोक लगाने तथा किसानों और व्यापारियों के साथ पुलिस के व्यवहार की जांच की मांग की।



भाकियू तोमर पदाधिकारियों ने बताया कि 23 अप्रैल को ग्राम गांगनौली, थाना यमुनानगर क्षेत्र में हुए पप्पू कश्यप हत्याकांड के मामले में मुख्य आरोपी बताए जा रहे अजित और अमरनाथ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कड़ी न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि 3 मई 2026 को थाना नागल में शुफियान और शाबान के खिलाफ मुकदमा संख्या 0151-26 फर्जी तरीके से दर्ज किया गया। भाकियू तोमर ने निष्पक्ष जांच कर मुकदमा वापस लेने की मांग उठाई। इसके अलावा गागलहेड़ी, सिडकी और नागल थाना क्षेत्रों में कथित अवैध खनन पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

## वारंटी दबोचा

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के प्रभारी निरीक्षक चंद्रसैन सैनी व उपनिरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में मुखबिर कील सूचना पर एक वारंटी आरोपी मनोज कुमार पुत्र जलसिंह निवासी जनकपुरी थाना सिविल लाईन जनपद मुजफ्फरनगर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

# उम्दा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नानका गंदेवड़ा गांव में स्थित मदरसा जामिया शेख अब्दुल सत्तार में एक भव्य शैक्षिक और वैचारिक सुधार मजलिस का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत कारी मोहम्मद आजम कमाल रहमानी ने पवित्र कुरान की तिलावत से की, जिसके बाद मदरसे के छात्र-छात्राओं ने नात, नज्म और शानदार भाषण प्रस्तुत किए। इस खास मौके पर हजरत हाफिज जमील अहमद ने देहरादून के मौलाना मुफ्ती रईस अहमद कासमी और हाजी कारी सईद अहमद तिडफवी को इजाजत-ए-बैत के रूहानी सम्मान से नवाजा। मुख्य अतिथि मौलाना मुफ्ती रईस अहमद कासमी ने हजरत शेख हाफिज अब्दुल सत्तार नानकवी के जीवन पर रोशनी डाला। मौलाना हबीबुल्लाह कासमी, मौलाना मुफ्ती शाहिद कासमी, मौलाना अतहर हक्कानी नदवी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान मदरसे की वार्षिक परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को इनाम और सम्मान पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई।

इस बड़े दीनी जलसे में कारी मोहम्मद अशरफ, मौलाना सरवर आलम कासमी, मौलाना खालिद नदवी, मुफ्ती जियाऊर्रहमान, नेता जुनैद मालिक और उस्मान मलिक आदि मौजूद रहे।

# जीटी के खिलाफ क्वालीफायर 1 में RCB पर होगा खिताब को बचाने का दबाव

■ **आरसीबी के लिए, यह फाइनल में जगह बनाने से कहीं अधिक है**



**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.ीबी) पर खिताब बचाने का दबाव के साथ गुजरात टाइटन्स (जीटी) से मंगलवार रात क्वालिफायर 1 में भिड़ेंगी। आरसीबी के लिए, यह फाइनल में जगह बनाने से कहीं अधिक है।

यह वापसी की राह का एक सिलसिला है जो पिछले सीजन में उनके खिताब जीतने के साथ शुरू हुआ था और अब इसे बचाने के दबाव तक पहुंच गया है। लीग स्टेज को टॉपप पर खत्म करने से उन्हें मोमेंटम मिला है, लेकिन इसने उनकी पीठ पर एक निशाना भी लगा दिया है। उनके अभियान के दिल में विराट कोहली की कंसिस्टेंसी, फिल सॉल्ट का एग्रेशन और रजत पाटीदार की स्थिर मौजूदगी की जानी-पहचानी रीढ़ बनी हुई है। जब यह तिकड़ी शुरू में ही आक्रामक बल्लेबाजी करती है, तो आरसीबी अजेय लगती है, अक्सर पावरप्ले की शुरुआत को आसानी से 200 के पार के स्कोर में बदल देती है। फिर भी, उनके सामने चुनौती सिर्फ फॉर्म नहीं, बल्कि स्ट्रक्चर है। वहीं दूसरी ओर, गुजरात कंट्रोल और एक्यूरेसी पर बनी एक अलग पहचान के साथ आता है। वे सीजन की शुरुआत में ही आरस.ीबी को हरा चुके हैं, जिससे पता चलता है कि अनुशासन वाले दबाव में मजबूत बैटिंग लाइनअप भी कितनी जल्दी बिखर सकते हैं। कगिसो रबाडा की जबरदस्त पेस, मोहम्मद सिराज की एक्यूरेसी और राशिद खान के दम घोंटने वाले बीच के ओवरों की लीडरशिप में उनका बॉलिंग अटैक एक ऐसे सिस्टम की तरह काम करता है जो रिदम का पीछा करने के बजाय उसे तोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मुकाबले की सबसे दिलचस्प कहानी इन दो सोच का टकराव है। आरसीबी का तरीका मोमेंटम पर बना है, तेजी से रन बनाना, आक्रामक इरादा और पावरप्ले में दबदबा। गुजरात धैर्य, स्ट्रक्चर और इस विश्वास के साथ जवाब देता है कि रन नहीं, विकेट हाई-प्रेशर वाले मैचों का फैसला करते हैं। धर्मशाला इस समीकरण में एक और परत जोड़ता है। इस जगह ने इस सीजन में लगातार बड़े टोटल बनाए हैं, जिसमें पहली पारी का स्कोर कई बार 200 के पार गया है। आरसीबी के लिए, रबाडा और सिराज के शुरुआती झटकों से बचना जरूरी है। अगर कोहली या साल्ट जल्दी आउट हो जाते हैं, तो मध्यम क्रम को राशिद खान के कंट्रोल के खिलाफ रिकवरी मोड में जाना होगा, एक ऐसा दौर जहां गुजरात ने हमेशा मैचों को इतना कड़ा कर दिया है कि सुधारा नहीं जा सकता। गुजरात टाइटंस के लिए, समीकरण जितना आसान है लेकिन उतना ही मुश्किल भी , शुरुआती पार्टनरशिप को जल्दी तोड़ो और आसीबी को दबाव में फिर से बनाने के लिए मजबूर करो। इस क्वालिफायर को जो बात खास तौर पर दिलचस्प बनाती है, वह है पक्का और अनचाहा के बीच का बैलेंस। कागज पर, दोनों टीमें बराबरी की लगती हैं, और लीग स्टेज को एक जैसे रिकॉर्ड के साथ खत्म किया है।

# आईपीएल फैन पार्क्स 2026 प्लेऑफ फेज पांच शहरों में होगा: BCCI



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को पांच राज्यों के पांच शहरों में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फैन पार्क्स 2026 - प्लेऑफ फेज के कार्यक्रम की घोाणा की फैन पार्क्स 29 और 31 मई को होस्ट किए जाएंगे, जिससे अलग-अलग इलाकों के फैंस आईपीएल सीजन के रोमांचक समापन का अनुभव एक शानदार और कार्निवल जैसे माहौल में कर सकेंगे। प्लेऑफ फेज के लिए आईपीएल फैन पार्क ग्वालियर, मध्य प्रदेश), गाजीपुर (उत्तर प्रदेश), मंगलुरु (कर्नाटक), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा) में होंगे। हर फैन पार्क में आईपीएल 2026 प्लेऑफ मैचों की लाइव स्क्रीनिंग होगी, साथ ही म्यूजिक, एंटरटेनमेंट, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने के जोन, और इंटरैक्टिव फैन एंगेजमेंट एक्टिविटीज जैसे वर्चुअल बैटिंग जोन, बॉलिंग नेट, फेस पेंटिंग, और फैन के पसंदीदा गेम जैसे पिच परफेक्ट, गेम ऑफ थ्रोज और डोंट मिस द बॉल जैसे कई दिलचस्प ऑन-ग्राउंड अनुभव होंगे।

## एम्मा राडुकानू फ्रेंच ओपन के पहले राउंड में हारी

**पेरिस, वार्ता।** अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा के खिलाफ पहले राउंड के मुकाबले में हार के साथ एम्मा राडुकानू का फ्रेंच ओपन में अभियान समाप्त हो गया। मात्र 25 मिनट तक चले निराशाजनक पहले सेट में एक भी गेम जीतने में नाकाम रहने के बाद, ब्रिटिश नम्बर एक खिलाड़ी ने दूसरे सेट में डबल-ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया। दुनिया की 68वें नम्बर की सिएरा ने वापसी करते हुए राडुकानू पर 6.0, 7-6 (7.4) से जीत दर्ज की। राडुकानू ने 15 अनफोर्स्ड एरर किए और कोई विनर नहीं बनाया, जबकि सिएरा ने दो बार और ब्रेक करके पहला सेट 'बैगल' जीत लिया। निराश राडुकानू ने दूसरे सेट के लिए लौटने से पहले कोर्ट से कुछ समय निक.ाला, और हालांकि वह शुरुआत में ही एक गेम जीतने में कामयाब रहीं, लेकिन सिएरा के लिए सब कुछ आसान रहा, जिन्होंने कई जोरदार फोरहैंड विनर लगाकर 4-1 की बढ़त बना ली।

**खेल विशेष**

## मानुष ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस में युगल का खिताब जीता

**अबुजा, वार्ता।** भारत के मानुष शाह ने नाइजीरिया में खत्म हुए डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस 2026 में मिश्रित और पुरु युगल दोनों के खिताब जीते। मानुष शाह और दिया चिंताले की जोड़ी ने शनिवार को मिश्रित युगल का खिताब जीता। उन्होंने 28 मिनट तक चले फाइनल में लियो डी नोडरेस्ट और केमिली लुट्ज की फ्रेंच जोड़ी को 3-0 (11-8, 14-12, 11-8) से हराया। टॉपप सीडेड भारतीय जोड़ी ने जापान के काजुहिरो योशिमुरा और रीना एसो पर 3-1 की क्वार्टर-फाइनल जीत के दौरान टेबल टेनिस टूर्नामेंट में सिर्फ एक गेम गंवाया। रविवार को, मानु शाह और मानव ठक्कर ने फाइनल में रोमानिया के इयूलियन चिरिटा और आंद्रेई इस्ट्रेट को 3-0 (11-7, 12-10, 11-4) से हराकर पुरु युगल का खिताब जीता। भारत खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अपने चार मैचों में एक भी गेम नहीं गंवाया। लागोस में, मानु शाह ने पुरु एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई, लेकिन बाहर हो गए। दीया चितले और ओलंपियन अयहिका मुखर्जी विमेंस सिगल्स में क्वार्टर-फाइनलिस्ट रहीं, जबकि मनिका बत्रा दूसरे राउंड में बाहर हो गईं। महिला युगल में, दीया चितले-यशस्विनी घोरपड़े और सुतीर्था मुखर्जी-अयहिका मुखर्जी सेमीफाइनल में पहुंचीं। मनिका बत्रा, महिला युगल में सिड्रेला दास और मिश्रित युगल में मानव ठक्कर के साथ, दोनों इवेंट्स के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

## ओलंपियाकोस ने मैड्रिड को हराकर यूरोलीग 2026 का खिताब जीता

**एथेंस, (रोम), वार्ता।** ओलंपियाकोस पिरियस ने रियल मैड्रिड को 92-85 से हराकर यहां यूरोलीग 2026 का खिताब अपने नाम किया। उसने 13 साल बाद चौथी बार यूरोपियन खिताब जीता। रविवार को टेलीकॉम सेंटर एथेंस में घरेलू दर्शकों के सामने, पिरियस के पोर्ट की ग्रीक टीम ने यूरोलीग फाइनल फोर के चैंपियनशिप गेम में अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी को हरा दिया, जो 19 साल में पहली बार ग्रीक राजधानी में हुआ था। ग्रीक टीम ने गेम में अच्छी फॉर्म में शुरुआत की, हाफटाइम ब्रेक तक 46-44 की मामूली बढ़त बना ली थी। चौथा क्वार्टर कांटे का था, लेकिन रेड्स ने आखिरी मिनटों में लॉस ब्लैंकोस को हरा दिया। ओलंपियाकोस के लिए इवान फोरनियर ने सबसे ज्यादा 20 पॉइंट बनाए, उनके बाद एलेक पीटर्स ने 16 पॉइंट बनाए। साशा वेजेनकोव ने 12 पॉइंट बनाए और थॉमस वॉकअप ने 10 पॉइंट जोड़े। रियल मैड्रिड के ट्रे लाइल्स ने 24 पॉइंट बनाकर सबसे ज्यादा स्कोर किया, जबकि मारियो हेजोन्जा ने 19 पॉइंट और एंड्रेस फेलिज ने 13 पॉइंट जोड़े। ओलंपियाकोस शुक्रवार को सेमीफाइनल में तुर्की के फेनरबाचे को हराकर फाइनल में पहुंच था।

# गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर्पल कैप दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंचे



**मुम्बई, वार्ता।** इंडिनयन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का लीग चरण समाप्त हो चुका है और राजस्थान रॉयल्स (आआर) के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने मुम्बई इंडियन के खिलाफ तीन विकेट झटके और अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचा दिया। इसके साथ ही वह पर्पप कैप तालिका में भी तीसरे नम्बर पर पहुंच गए। इस मुकाबले में आरआर के गेंदबाज जोफ आर्चर ने चार ओवर में केवल 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मुम्बई इंडियंस को बड़े झटके दिए।

आर्चर ने पावरप्ले में रोहित शर्मा और नमन धीर को तो वहीं 16वें ओवर में वापसी करते हुए हार्दिक पंड्या को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस प्रदर्शन के साथ ही आर्चर ने चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज, गुजरात टाइटंस के राशिद खान और सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। फिलहाल वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के भुवनेश्वर कुमार और के कगिसो रबाडा से ही पीछे हैं। इन दोनों के नाम 24 तो वहीं आर्चर के नाम 21 विकेट हैं। ऑरेंज कैप तालिका में रविवार को खेले गए दो मैचों में तीन ऐसी टीमें थीं जिनमें व्यक्तिगत रूप से धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की कमी थी, लेकिन वैभव सूर्यवंशी जरूर एक्शन में थे।

# कोच के साथ काम करने पर शानदार गेंदबाजी कर पाया: कुलदीप यादव

■ **पिछले मैच के बाद अपने होमटाउन गया था और वहां अपने कोच के साथ काम किया**



**कोलकाता, वार्ता।** स्पिन गेंदबाज कुलद.ीप यादव ने कहा कि उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन अच्छा नहीं रहा, मैं पिछले मैच के बाद घर लौटा और अपने कोच के साथ उन भूले हुए एरिया काम किया जिसमें काम करने की जरुरत थी और इस मैच में शानदार गेंदबाजी कर पाया।

केकेआर के खिलाफ रविवार को मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बने कुलदीप ने कहा कि मैच से पहले मैं उतना खुश नहीं था, क्योंकि हम एक टीम के तौर पर जिस तरह से फिनिश करना चाहते थे, उस तरह से फिनिश नहीं कर पाए। मेरा सीजन भी उतना अच्छा नहीं गया था। मुझे अपने आपसे काफी अधिक उम्मीद थी, लेकिन मैं वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाया। कुलदीप ने बताया कि टीम के पिछले मैच के बाद वह अपने होमटाउन गए थे और वहां अपने कोच के साथ काम किया। वह अपनी लय वापस पाना चाहते थे और उन्होंने एक अभ्यास मैच भी खेला था। इस मूव का लाभ उन्हें अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी और पुराने घरेलू मैदान पर देखने को मिला। उन्होंने कहा, पिछले मैच के बाद मैं अपने घर चला गया था और अपने कोच के साथ उन एरिया में काम किया जिसमें करने की जरूरत थी और वहां मैंने एक मैच भी खेला। कुछ छोटी चीजें होती हैं जिन्हें आप बहुत जल्दी भूल जाते हैं खास तौर से सफेद गेंद की क्रिकेट में। वहां जाकर उन चीजों पर काम करना और फिर वापस आकर यहां इस तरह की गेंदबाजी करना शानदार है। उन्होंने कहा, जब मैंने अपने कोच से बात की तो उन्होंने सीधे बोला कि तुम्हें गेंद को स्पिन कराना होगा, बल्लेबाज को चकमा देना होगा। मैं जानता हूं कि बल्लेबाज तुम्हारे खिलाफ आक्रामक हो रहे हैं, लेकिन जब तुम गेंद को स्पिन कराते हो तो तुम्हारे पास उन्हें आउट करने का मौका होता है। पिछले कुछ मैचों में मैं अपने पूरे शरीर का इस्तेमाल नहीं कर रहा था। मुझे लगता है कि मैंने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन अपने रनअप या लय में आप कुछ चीजें भूल जाते हैं जिससे आपके खेल पर असर पड़ता है। टूर्नामेंट के दौरान वह किन चीजो में कमजोर पड़े इसके बारे में कुलदीप ने कहा, मैं थोड़ा ओपन चेस्ट से गेंदबाजी कर रहा था।

# फीफा विश्वकप 2026 से पहले मेसी के पैर में लगी चोट



**फ्लोरिडा, वार्ता।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना के शुरुआती मैच से तीन सप्ताह पहले, मेजर लीग सॉकर में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ इंटर मियामी के मैच में पैर में चोट लग गई।

रविवार को खेले गए मुकाबले के 73वें मिनट में मेसी अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए मैदान से चले गए। उतारने की रिक्वेस्ट करने के बाद, 38 साल के मेसी को सामान्य तरीके से चलते हुए देखा गया जब वह टनल से होते हुए लॉकर रूम में गए। यह मेसी का इंटर मियामी के लिए आखिरी एमएलएस गेम था,

इससे पहले कि वह अर्जेंटीना में शामिल हों, जो 16 जून को ग्रुप जे के मुकाबले में अल्जीरिया का सामना करते हुए अपने विश्व.कप खिताब के बचाव की शुरुआत करेंगे। इंटर मियामी के कोच गुइलेर्मो होयोस, जिनकी टीम ने 6-4 से जीत हासिल की, ने मैच के बाद कहा कि रिकॉर्ड आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता को एहतियात के तौर पर फ्लोरिडा के मियामी में बारिश वाली रात में गीली पिच से हटा दिया गया था। होयोस ने कहा, जहां तक मुझे पता है, हमारे पास अभी तक इस पर मेडिकल रिपोर्ट नहीं है, लेकिन वह सच में थके हुए थे। वह थके हुए थे, पिच भारी थी और जब शक हो, तो हमेशा यही तरीका होता है कि आप कोई रिस्क न लें।

# जियोवानी को हराकर नोवाक फ्रेंच ओपन के अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोको.विच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 के पहले दौर में फांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड को ?5-7, 7-5, 6-1, 6-4? से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली। 39 साल के जोकोविच ने शुरुआती दो सेटों में फॉर्म और लय से जूझने के बाद, अपनी अनुभवी खेल शैली से पेरीकार्ड की तूफानी सर्विस का तोड़ निकाला और अगले तीन सेट आसानी से जीत लिया।

जोकोविच ने इस वा अब तक 11 एकल मुकाबले खेले है। दूसरे राउंड में जोकोविच का सामना बुधवार को फ्रांच के टेनिस खिलाड़ी वैलेंटिन रॉयर से होगा। मैच के बाद कोर्ट पर जो.कोविच ने फ्रेंच में कहा, जियोवानी को बधाई।

मैंने उनके साथ पहली बार खेला और यह देखना लगभग नामुमकिन है कि वह कहां सर्व करेंगे। यह कुछ ऐसा है जैसा मैंने अपने करियर में शायद एक या दो बार देखा है, रेली ओपेल्का या इवो कार्लोविक के साथ। ऐसे मैच में, आपको फोकस रखना होता है और मौके का इंतजार करना होता है। यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन आखिर में, मुझे सही समय पर अपना बेस्ट टेनिस और बेस्ट रिटर्न गेम मिला।

## पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चों ने मुंबई इंडियंस का मैच आनंद उठाया

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच को पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चों ने आनंद उठाया। आईपीएल के इस मैच को पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चे अपने 'हियरिग बडीज' के साथ मैच देखने पहुंचे। इसके अलावा 200 से ज्यादा विशो रूप से सक्षम बच्चे भी इस अनुभव का हिस्सा बने। बच्चे मुंबई के अलावा सतारा, नासिक, इगतपुरी और दूर-दराज के कई इलाकों से आए थे। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता एम- अंबानी ने कहा कि बच्चों की खुशी और उत्साह इस दिन को खास बना देता है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स फॉर ऑल (ईएसए) की शुरुआत 16 साल पहले हुई थी।

# कमिंस, स्टार्क व हेजलवुड की स्टार तिगड़ी वनडे विश्वकप 2027 की करेगी तैयारी: मैकडोनाल्ड



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि फिटनेस और वर्कलोड की चिंताओं के बावजूद, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की स्टार तिगड़ी पाकिस्तान और बंगलादेश के साथ सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं है ए तीनों आगामी एकदिवसीय विश्व कप 2027 के लिए तैयारी करेंगे।

मैकडोनाल्ड ने कहा कि ए तीनों ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान और बंगलादेश के सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं हैं। ए तीनों दोनों सीरीज खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट-व्यस्त कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम करने के लिए कहा गया था। और जबकि टेस्ट खेलना टॉपप प्रायोरिटी है, ऑस्ट्रेलिया प्रबंधन को उम्मीद है कि ए तीनों वर्ल्ड कप के लिए टॉपप शेप में रह सकते हैं, जो अक्टूबर-नवम्बर 2027 में साउथ अफ्रीका में होना है। मैकडोनाल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि लोग आस-पास के गेम देखते हैं और सोचते हैं, 'अच्छा, वे वहां क्यों नहीं खेल रहे हैं।लेकिन अगर आप असल में 2027 से पीछे की ओर देखें और देखें कि हमारे पास आगे क्या है, तो यह आखिरी बड़ा ब्रेक है जिसमें हम उनके शरीर में इन्वेस्ट करेंगे ताकि वे 2027 तक पूरी तरह से तैयार हो सकें। हम प्लान कर रहे हैं कि वे 2027 तक वहां पहुंच जाएं। मैकडॉनल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें वहां पहुंचाने के लिए हम जो कर रहे हैं उस पर बहुत भरोसा होना चाहिए। यह एक बड़ी चुनौती होगी, खासकर हमारी शानदार (स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल) टीम के लिए, उन्होंने काफी समय से बहुत अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि यह लगभग एक गलतफहमी है कि खिलाड़ी खुद ही चुनते हैं कि उन्हें कहां खेलना है और कौन सी सीरीज खेलनी है। ए फैसले शेड्यूल में क्या आने वाला है, इसके मैनेजमेंट के हिंसाब से लिए जाते हैं, और वे इसे नहीं चुनते। हम उनके साथ इस पर काम करते हैं, वे खिलाड़ी खेलना चाहते हैं। हमें नहीं लगता कि यह उनके खेलने का सबसे अच्छा समय है। भारत की सीनियर पुरु राट्रीय टीम यूनिटी कप 2026 के लिए लंदन पहुंची लंदन। भारत की 17 सदर्स्‍य सीनियर पुरुष राट्रीष्य फुटबॉल टीम इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होने वाले यूनिटी कप 2026 में हिस्सा लेने यहां पहुंच गई। भारतीय टीम रविवार सुबह बेंगलुरु से इंग्लैंड की राजधानी के लिए रवाना हुई थी। वा 2002 के बाद इंग्लैंड में भारत का पहला मैच होगा।

# यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में सोमवार को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टॉपस जीतने के बाद, यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब ने विकास सोलंकी 63(62) और ललित यादव 44(34) की मदद से 32-5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन बनाए। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के बॉलर पियाश चिकारा ने 20 रन देकर 3 विकेट, दीप ठाकुर ने 32 रन देकर 3 विकेट और मयंक रावत ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करते हुए यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने तनुज पंवार 114(56) नॉट आउट और नवीन कुमार 21(18) नॉट आउट की शानदार पारियों की मदद से 16-2 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन बनाए और मैच 7 विकेट से जीत लिया।

स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब की बॉलिंग में, राहुल राठी ने 41 रन देकर 2 और हार्दिक शर्मा ने 26 रन देकर 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर: स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब - 32-5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन ( विकास सोलंकी 63(62) और ललित यादव 44(34) यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब - 16-2 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन ( तनुज पंवार - 114(56) नॉट आउट और नवीन कुमार - 21(18) नॉट आउट) कीमती प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार - तनुज पंवार (फ्रेंड्स) - 114(56) को दिया गया जबकि स्पोर्ट सन फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार - विकास सोलंकी (स्पोर्टिंग) - 63(62) को मिला। अगला मैच मंगलवार को एसआरके टेक्नोलॉजी ग्प क्रिकेट क्लब और यॉर्क क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। मिन्हाजुल का चटगांव से निर्विरोध बीसीबी डायरेक्टर बनना तय चटगांव। राट्रीय टीम के पूर्व कप्तान मिन्हाजुल आबेदीन आगामी चुनाव में कैटेगरी 1 से बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के डायरेक्टर बनने वाले हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को नाम वापस लेने के बाद उम्मीदवारों की आखिरी सूची जारी कर दी है। मिन्हाजुल ने अपने खेल करियर में बंगलादेश का प्रतिनिधित्व किया, संन्यास के बाद बीसीबी में शामिल हुए और कई पदों पर काम किया। उन्होंने चयन पैनल में एक दशक से ज्यादा समय बिताया, शुरुआत में एक सिलेक्टर के तौर पर और फिर चीफ सिलेक्टर का पद संभाला। वह मौजूदा एड-हॉक कमेटी के भी सदस्य हैं। बीसीबी चुनाव आयोग की ओर से जारी आखिरी सूची से इस बात की पुटि हो गई है कि शरीफुल इस्लाम के नाम वापस लेने के बाद मिन्हाजुल कैटेगरी 1 में चटगांव डिवीजन दो उम्मीदवार रह गए हैं।

# परिवार का कोई सदस्य नहीं लड़ेगा चुनावः इमरान

## केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों पर भड़के सांसद, कहा देश में बेरोजगारी व मंहगाई चरम पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनवि. रोधी नीतियों के चलते बेरोजगारी व महंगाई चरम पर है जिस कारण देश की जनता त्रस्त है। उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर कहा कि उनके परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा।



कांग्रेस सांसद इमरान मसूद सोमवार को अंबाला रोड स्थित आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, युवाओं को रोजगार न मिलने और जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई जैसे मुद्दों को उठाते हुए सरकार के रवैये पर सवाल खड़े किए। इमरान मसूद ने कहा कि डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से आम जनता परेशान है और महंगाई लगातार लोगों पर बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा और सरकार लंबे समय से बेरोजगारी के आंकड़े सार्वजनिक नहीं कर रही है। उनका कहना था कि गरीब और कमजोर वर्गों को न्याय दिलाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार जनप्रतिनिधियों पर एफआईआर दर्ज कर दबाव बनाने की को. शिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व जो भी जिम्मेदारी देगा, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। साथ ही स्पष्ट किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उनके परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने उन्हें समर्थन दिया था और अब कार्यकर्ताओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का समय है। पेपर लीक के मुद्दे पर सांसद ने आरोप लगाया कि युवाओं को नौकरी से दूर रखने के कारण भर्ती प्रक्रियाएं प्रभावित हो रही हैं और लगातार परीक्षा पत्र लीक होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक सौहार्द के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कई मुस्लिम संगठनों ने गाय की कुर्बानी नहीं करने की अपील की है और दूसरे धर्मों की आस्था का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि यदि गाय करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है तो उसे राष्ट्रीय पशु घोषित करने पर विचार किया जाए। विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अपने पुराने सहयोगी देशों से दूरी बनाई है, जिसका आर्थिक असर जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने पेट्रोलियम कीमतों को लेकर भी सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी समाज और धर्मों के साथ खड़ी रहने वाली पार्टी है और किसी भी वर्ग के साथ अन्याय होने पर उसका विरोध करेगी।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा, पूर्व मंत्री सरफराज खान, वरिष्ठ नेता रईस मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र तनेजा, पूर्व चेयरमैन चौधरी इरशाद, हमजा मसूद, गणेश दत्त शर्मा, वरुण शर्मा, डॉ रागिब अंजुम, नितिन शर्मा, राहुल शर्मा, विनय माजरा, सांसद प्रतिनिधि संदीप वर्मा, सुदेश प्रधान, विक्की पूजना, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, इसरार प्रमुख, कुणाल शांडिल्य, आदित्य राणा, डॉ अमीर अहमद, सुधांशु धनगर, राजपाल कर्णवाल, मास्टर मेनपाल, गुलबहार अब्बासी, गुलफाम अंसारी, मोहमद शावेज मौजूद रहे।

# गुरूद्वारे में भव्य समागम, विधायक उमर अली खान ने टेका माथा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव बादशाहपुर स्थित गुरुद्वारे में सोमवार को गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया।

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आयोजित समागम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से पहुंचे प्रसिद्ध रागी एवं कीर्तनीयों ने गुरु की वाणी का गुणगान कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर बेहट विधायक उमर अली खान ने गुरुद्वारे पहुंचकर माथा टेका और गुरु का कीर्तन बड़े ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने संगत के साथ बैठकर गुरु बाणी का श्रवण किया तथा क्षेत्र में भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। समागम में समाजवादी पार्टी के महासचिव कुलदीप सिंह भुल्लर ने भी सहभागिता करते हुए श्रद्धालुओं के साथ गुरु चरणों में नमन किया। गुरुद्वारा परिसर में पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रम, कीर्तन एवं गुरु का लंगर चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर आयोजित इस धार्मिक समागम ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

गुरुपर्व में सरदार गुरनाम सिंह, सरदार गुरुदेवसिंह, सरदार पलविन्दर सिंह, विनोद राठौर, महिपाल राठौर आदि सैकडों गुरु सेवक मौजूद रहे।

## कोतवाली प्रभारी से शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नव आगंतुक कोतवाली प्रभारी इंद्रेश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान व्यापारियों की समस्याओं, बाजार की सुरक्षा व्यवस्था तथा आपसी सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि नगर में कानून व्यवस्था बनाए रखने में व्यापारी वर्ग पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करेगा।

# परिसिमन के खिलाफ चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस नेता सोनू पठान ने कहा कि सांप्रदायिक आधार पर परिसीमन के खिलाफ जल्द अभियान शुरू किया जायेगा।



सोनू पठान ने कहा कि भाजपा जिस सांप्रदायिक आधार पर परिसीमन करना चाहती है वो 1947 के बंटवारे से भी खतरनाक होगा। इससे देश के अंदर ही कई विभाजक रेखायें बन जायेंगी। इसलिए विपक्षी दलों को साम्प्रदायिक आधार पर परिसीमन नहीं होने देना चाहिए। वहीं सच्चर कमेटी और रंगनाथ कमेटी ने मुस्लिम बहुल सीटों को आरक्षित न किए जाने का जो सुझाव दिया था उसपर भी विपक्षी दलों को मजबूती से खड़ा होना चाहिए. इन मुद्दों को लेकर जल्द ही बड़े आयोजन भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश ने धार्मिक आधार पर पृथक निर्वाचन की व्यवस्था को खारिज कर दिया था, लेकिन भाजपा सांप्रदायिक आधार पर परिसीमन करना चाहती है. अगर भाजपा इसमें सफल हो गई तो धार्मिक आबादी के आधार पर जनप्रतिनिधि चुने जाने लगेंगे। इससे चुनाव लो. कतांत्रिक प्रतिस्पर्धा के बजाए सां. प्रदायिक प्रतिस्पर्धा में बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन विधानसभा और लोकसभा सीटों पर मुसलमानों की संख्या 33 प्रतिशत हो और दलितों की संख्या मुसलमानों से कम हो उनको सुरक्षित नहीं किया जाना चाहिए।

# मेयर के कर कमलों से वाटर कूलर का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संवेदना मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा हसनपुर चौक पर वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में महापौर डॉ. अजय कुमार एवं अपर नगर आयुक्त जेपी यादव ने फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सेवा भारती के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, अक्षय त्यागी, शिवकुमार राणा, चंद्रहास पुंडीर तथा ट्रस्ट अध्यक्ष विकास पुंडीर सहित संवेदना परिवार के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्षद सुनील कुमार, अनिल, संजय गर्ग, सुधीर वरिष्ठ, प्रमोद राणा, दीपक राणा, बलदीप



राणा, नेत्रपाल राणा, पीयूष राणा, शक्ति राणा, संदीप कुमार, अमित, पंकज शर्मा, अवनीश चौधरी और ग्रीजेश चौधरी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दलित छात्रा से दुष्कर्म मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महोबा जनपद में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही दलित छात्रा के साथ कथित रूप से 16 दिनों तक दुष्कर्म किए जाने की घटना के विरोध में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनीष त्यागी ने सोमवार को प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।



जिला मुख्यायल पहुंचे कागेंस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मनीष त्यागी न कहा कि जब छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं और अपराधी खुलेआम गंभीर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, तब सरकार के दावों और जमीनी स्थिति में अंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जनता सभी परिस्थितियों को देख रही है और आने वाले समय में अपना निर्णय देगी। पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी ने कहा कि प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और सरकार को कानून-व्यवस्था मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष मुजफ्फर अली ने कहा कि सरकार को सभी मामलों में निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, पीड़िता को न्याय तथा प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन कार्यक्रम में सेवादल अध्यक्ष इमरान कुरैशी, हरिओम मिश्रा, अरविन्द पालीवाल, योगी बीरसैन, एडवोकेट संदीप सिंह, एडवोकेट विनीत कपिल, अमित राठौर, सुनील राठौर, बरकत अंसारी, करण चौहान, नसीब खान, राकेश मोहन शर्मा, यूनुस अंसारी एवं सतेन्द्र शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जागरूकता अभियान चलाया

**सहारनपुर।** थाना मंडी क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाली महिलाओं और बालिकाओं को डिजिटल अरेस्टिंग, साइबर ठगी एवं झूठी अफवाहों से सतर्क रहने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों,सुरक्षा और संरक्षण संबंधी जानकारियां देते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं बच्चों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के प्रति जागरूक किया गया।

# अखिलेश से मिले हाजी फजलुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद व वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता हाजी फजलूर्रहमान ने लखनऊ में जनेश्वर मिश्रा ट्रस्ट में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की।



सपा नेताओं को साथ लेकर अखिलेश यादव से मिले पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने मुलाकात के दौरान पार्टी संगठन विस्तार, चुनावी रणनीति तथा इंडिया गठबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से 2027 विधानसभा चुनाव में सहारनपुर मण्डल में सर्वसमाज की भागीदारी, विशेष रूप से पीडीए के लोगों को टिकट वितरण पर चर्चा की तथा संगठन को कैडर के रूप में अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने पर भी बात की। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी से इंडिया गठबंधन में जो जीतेगा वही टिकट पाएगा के फार्मूले पर टिकट वितरण के संबंध में सार्थक चर्चा की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 2027 में समा. जवादी पार्टी सरकार बनाने के लिए, पीडीए की आवाज को उठाने के लिए घर-घर समाजवादी पार्टी का संदेश पहुँचाने का आह्वान किया।

इस दौरान पूर्व विधायक माविया अली, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, वरिष्ठ सपा नेता अमित चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वतन सिंह सैनी, युवा सपा नेता ऋषभ त्यागी, अनवर राव, शारिक देवबंद, सैयद हस्सान पीआरओ व मीडिया प्रभारी पूर्व सांसद आदि उपस्थित रहे।

# अभी वजूद में है इंडिया गठबंधनः मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतब एडवोकेट ने कहा कि अभी इंडिया गठबंधन वजूद में है और उत्तर प्रदेश में समा. जवादी पार्टी हमारी वरिष्ठ साथी है।



मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस से चुनाव लड़ने वालो कि लंबी कतार उत्तर प्रदेश के हर जिले में और हर एक विधानसभा और सभी वर्गों से है, लेकिन कौन कहाँ से चुनाव लड़ेगा ये इंडिया गठबंधन के साथी तय करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा को हराना है तब गठबंधन ही विकल्प है अन्यथा पाँच साल हाथ मलते रह जायेंगे। अभी हमारा गठबंधन वजूद में है। यह समय बतायेगा कि कौन कहाँ से चुनाव लड़ेगा। इस पर कोई टिका टिप्पणी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी लडाई समाजवादी पार्टी और अन्य छोटे दलों से नहीं बल्कि भाजपा से है।

# सिख सामाजिक न्यायिक यात्रा का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूरे उत्तर प्रदेश में भ्रमण करती हुई सिख सामाजिक न्यायिक यात्रा का नगर आगमन पर वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा और उनके टीम ने भव्य स्वागत किया।



सामाजिक न्याय यात्रा की बैठक घंटाघर स्थित एक सभागार में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि और सिख सामाजिक न्याय यात्रा के संयोजक सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी ने सिख समाज को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया। उत्तर प्रदेश में सिख समाज राजनीति में कहीं पर भी मजबूत स्तर पर नहीं है और हम लगभग 120 सीटों पर निर्णायक स्थिति में है ऐसे में हमें जो पार्टी सम्मान देने का काम करती है हमें आने वाले 2027 चुनाव में उसके साथ चलने का काम करना है। टिंकू अरोड़ा ने कहा नगर में भी सिख समाज का वोट लेने का काम तो भाजपा कर रही है लेकिन सम्मान देने के नाम पर सिर्फ सिख समाज को ठगा गया है। सिख समाज के युवाओं को भी इस सरकार में कहीं रोजगार दिए गए हैं और ना ही राजनीति में हिस्सेदारी दी गई है। वाले 2027 चुनाव में नगर का सिख समाज सर्वप्रथम अपने समाज के साथ चलने का काम करेगा।

इस दौरान सरदार अमर सिंह प्रदेश सचिव परमजीत सिंह भुल्लर प्रेम सिंह, हरविंदर सिंह और पार्टी के विजेश कुमार फैसल सलमानी हाजी नवाब अंसारी महानगर अध्यक्ष सरदार गुरविंदर बजाज प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा सरदार हरनीत सिंह राजू, अमनप्रीत सरदार मनजोत सिंह सरदार गिन्नी सिंह चरनप्रीत सिंह सरदार रिंकू सरदार कालू जसप्रीत सिंह जस्सी साहब सिंह पिंकू जोगिंदर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# तेल गैस की बढ़ी कीमतों से जनता बेहालः फरहाद गाडा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम ने कहा कि महंगाई की इस मार ने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है।



फरहाद आलम ने अपने बयान में कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। बजट बिगड़ने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा की।फरहाद आलम ने कहा घरेलू बजट हुआ ध्वस्तः रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ने से महिलाओं का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है।चौतरफा महंगाई की मारः डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई महंगी हो गई है, जिससे फल, सब्जियां और राशन जैसी आवश्यक वस्तुएं भी आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रही हैं।युवाओं और किसानों पर असर पड़रहा है। पेट्रोल-डीजल की महंगाई से किसानों की खेती की लागत बढ़ गई है और बेरा. जगार युवाओं पर यात्रा का खर्च भारी पड़ रहा है।

# शिविर में 52 से ज्यादा लोगों की जांच




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज दयावती हॉस्पिटल में विटामिन डी की कमी से डायबिटीज की संभावना विषय पर नि:शुल्क विटामिन डी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 52 से ज्यादा लोगों की नि:शुल्क जांच की गई।

जांच के दौरान ज्यादातर लोगों में मांसपेशियों व हड्डियों में दर्द, थकान और मोटापे की समस्या पाई गई। डॉक्टरों ने बताया कि विभिन्न सर्वे के अनुसार भारतीयों में विटामिन डी की कमी से भविष्य में मधुमेह होने की संभावना बढ़ जाती है। शि. विर में ओमपाल, अक्षय, तरुण प्रकाश, प्रवीण, रित, आबिद, रूहिना, फरहीन, बबली, अर्जा, नितिन गुप्ता, मिथलेश, रेखा, इशरत, मोहित कुमार, स्वाति जैन, वैभव जैन, हिना आदि मरीजों ने लाभ उठाया।

शिविर को सफल बनाने में ननीता, आरजू, रश्मि, नजमा, अबुजर, मदिहा, अभिजीत, सीमा, सबिया, हीना सहित पूरा स्टाफ का योगदान रहा। रोहित व अनिल ने भी पूर्ण सहयोग किया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले विद्यार्थी पुरस्कृत

**चिलकाना।** नव जनोदय इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा कॉलेज की वार्षिक पत्रिका नई किरण का विमोचन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ एकता जनसेवा समिति के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा, अजय शक्ति सामाजिक संगठन के सचिव विजयपाल सैनी, प्रधानाचार्य श्याम कुमार सैनी तथा वरिष्ठ पत्रकार खेमचंद सैनी ने किया। बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि किसी भी कॉलेज की वार्षिक पत्रिका कॉलेज की गतिविधियों का दर्पण होती है। पत्रिका में कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा स्व रचित रचनाएं दूसरे छात्रों का मार्गदर्शन करती हैं।

# अचानक गन्ने के खेतों में पहुंचे उप गन्ना आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ने जीपीएस मशीन से गन्ना सर्वे किया जा चुके खेत को पुनः अपने सामने माप कर सर्वे कराया तो माप ठीक मिली और उपस्थित किसानों से अनुरोध भी किया कि वह अपने खेत का गन्ना सर्वे अपने सामने करवाएं और अपनी सर्वे स्लिप प्राप्त करें।



उप गन्ना आयुक्त ने मौके पर उपस्थित चीनी मिल के प्रबंधक गन्ना को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए की गन्ना सर्वे गाटा वार हो और किसान को दी जाने वाली स्लिप पर कृषक की फसल की दशा भी अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। मौके पर उपस्थित चीनी मिल के अधिकारियों को निर्देश दिए की गर्मी अधिक है तो सर्वे टीम को गर्मी बचाव के लिए अतिरिक्त पानी की बोतल उपलब्ध कराई जाय। इसके बाद उन्होंने ग्राम देवबन्द देहात में भी गन्ना सर्वेक्षण का भी निरीक्षण किया जहां पर मिल सर्वेयर जुल्फिकार अली गन्ना सर्वे करते मिले जहा पर उपस्थित किसानों से वार्ता कर उन्हें जागरूक किया।

उप गन्ना आयुक्त ने इसी ग्राम में गन्ने की फसल पर चल रहे स्प्रे के कार्य को भी देखा ओर उपस्थित किसानो को ओर फील्ड स्टाफ को गन्ने में टॉप बोरर कीट की पहचान भी बताई और उसके रोकथाम के बारे में भी विस्तार से बताया सभी किसानो से अपील की, कि टॉप बोरर को नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा फसल प्रभावित हो सकती है। उपस्थित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए की जहां भी गन्ना सर्वे निरीक्षण करें उसी ग्राम में किसानो के साथ चौपाल पर चर्चा करे ओर टॉप बोरर को नियंत्रित करने के बारे में किसानो को जागरूक करें।

उप गन्ना आयुक्त ने किसानो से कहा की, गन्ना की नई ओर रोग रोधी प्रजातियों लगाने तथा रोग ग्रस्त गन्ना प्रजाति को हटाने का भी अनुरोध किया। निरीक्षण के समय गन्ने विभाग के ओर चीनी मिल के अधिकारी ओर फील्ड स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## अब क्वाड पर नजर

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्त्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्वभर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर इस वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजरायल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाक.बंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रूपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है कि ईंधन के दामों में इजाफे से आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं भी महंगी होंगी। कुल मिलाकर इस संकट की सबसे ज्यादा मार आमजन पर ही पड़ेगी। इसलिए जरूरी है कि क्वाड की बैठक में इस मसले को प्रमुखता से रखा जाए और संकट का स्थाई समाधान तलाशने की कोशिश की जाए। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है।

## ईद-उल-अज़हा बलिदान की पुरानी परंपरा





शाहवेज़ खान

जो लोग कहते हैं इस्लाम 1400 साल पहले ही आया है उनके लिए इस्लाम धर्म के दूसरे सबसे बड़े त्योहार ईद-उल-अजहा,को जानना भी जरूरी है इस त्योहार को बकरीद भी कहते हैं इस्लाम धर्म मे कुर्बानी की यह परम्परा करीब 4000 साल से ज्यादा पुरानी हैं और यह इस्लाम धर्म के नबी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के इम्तिहान ,त्याग और अल्लाह यानी ईश्वर से अटूट विश्वास से जुड़ी है। यह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि अल्लाह के हुक्म के आगे सर झुकाने, त्याग और बलिदान का वह हिस्सा है जो दुनिया मे कही और देखने को नही मिलता। और इब्रा.हिम अलैहिस्सलाम के दौर से ही इस्लाम धर्म में कुर्बानी कि यह परंपरा 10 जिल हिजजा यानी ईद उल अजहा के समय में शुरू हुई ,हालांकि कुर्बानी की परंपरा दुनिया में इस्लाम धर्म के अनुसार हजरत आदम अलैहिस्सलाम के समय से ही शुरू हो चुकी थी लेकिन उसका एक मुकर्रर वक्त नहीं था।

### इतिहास : हजरत इब्राहीम का इम्तिहान

कुरान-ए-पाक की सूरह अस-साफ्फात में इसका जिक्र है। हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को बुढ़ापे में बड़ी मन्नतों के बाद बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम हुए थे। जब इस्माईल थोड़े बड़े हुए, तो इब्राहीम को ख्वाब में हुक्म हुआ कि अपने सबसे प्यारी चीज को अल्लाह की राह में कुर्बान करे जिसे नबी इब्राहिम ने अपने बेटे के रूप में देखा। इसके बाद उन्होंने यह किस्सा अपनी बीवी को बताया जिस पर वह भी अल्लाह की राह में उन्हें कुर्बान करने के लिए राजी हो गई वही जब बेटे स्माइल को कुर्बान करने का वक्त आया तो इब्राहिम में अपना सारा वाकया बेटे को बताया इसके बाद वह भी खुद को कुर्बान करने के लिए राजी हो गए। लेकिन जब उन्हें कुर्बान किया जा रहा तो कई करिश्मा हुए इसके बाद वहां पर एक मेढे की कुर्बानी हुई। इसी वाकए की याद में हर साल जिलहिज्जा महीने की 10 तारीख को दुनिया भर के मुसलमान कुर्बानी करते हैं और यह वाकया करीब 2000 ईसा पूर्व का माना जाता है। यानी यह परंपरा 4 हजार साल से भी पुरानी है।

### हज और कुर्बानी का रिश्ता

ईद-उल-अजहा हज के साथ जुड़ी है। हजरत इब्राहीम और हजरत इस्माईल ने ही एक बार काबा की तामीर की थी। हज के दौरान मीना में जो शैतान को कंकर मारने की रस्म है, वो भी इसी किस्से से जुड़ी है। कहते हैं कि जब इब्राहीम बेटे को कुर्बान करने ले जा रहे थे, तो शैतान ने तीन बार बहकाने की कोशिश की। हर बार इब्राहीम ने कंकर मारकर उसे भगाया। 9 जिलहिज्जा को अरफात का दिन होता है, जब हाजी मैदान-ए-अरफात में दुआ करते हैं। 10 जिलहिज्जा को मीना में कुर्बानी देकर हाजी और पूरी दुनिया के मुसलमान ईद मनाते हैं।

### कुर्बानी का मकसद क्या है

कुरान कहता है- अल्लाह को न उनके गोश्त पहुंचते हैं न खून, बल्कि उसे तुम्हारा तकवा पहुंचता है यानी असल मकसद दिखावा नहीं, नीयत और अल्लाह से बेपनाह प्यार का रिश्ता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं- एक गरीबों के लिए, एक रिश्तेदारों-दोस्तों के लिए, और एक अपने घर के लिए। इससे समाज में बराबरी और भाईचारे का पैगाम जाता है।

### हजरत इब्राहीम से पहले

कुर्बानी का कॉन्सेप्ट नबी इब्राहीम से भी पुराना है। हजरत आदम के दो बेटे हाबिल और काबिल ने भी कुर्बानी पेश की थी। लेकिन ईद-उल-अजहा के रूप में, तारीख तय करके, हर साल मनाने का रिवाज हजरत इब्राहीम की सुन्नत से शुरू हुआ। हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मदीना आने के बाद इसे उम्मत के लिए जारी रखा।

### आज के दौर में ईद-उल-अज़हा

दुनिया के लगभग 200 करोड़ मुसलमान इस दिन नमाज पढ़ते हैं, कुर्बानी करते हैं और जरूरतमंदों को याद रखते हैं।

त्योहार का पैगाम साफ हैरू अल्लाह के हुक्म के सामने अपनी सबसे प्यारी चीज भी कुर्बान कर देना, और अपनी कमाई में गरीबों का हक निकालना। और यह सब सिर्फ मजहबी नहीं है। यह भरोसे, सब्र, और बाप-बेटे की इताअत की मिसाल है की 4000 साल बाद भी यह त्योहार हमें यही सिखाता है कि असली कामयाबी अल्लाह की रजा में है त्याग में है और बलिदान में छुपी है।

## श्रीमुख से...

### अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा



उप्र में असहनीय महा विद्युत आपदा की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का कागजी कवच बना रहे हैं, यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई जन हित का पत्र नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए आवेदन पत्र है, हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं, इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं, कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस अफसर को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा हैं।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

## बढ़ती गर्मी भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी



योगेश कुमार गोयल

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेता.वनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव द्धलूऋ से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुता.बिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए।

यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्राय: दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधि.कतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1।66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है। आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थाई विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है।

## भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना : प्रगति का नया अध्याय





ओ.पी. पाल

भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना देश के परिवहन इतिहास का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम है। एक मायने में यह परियोजना महज ईंट, गारे, लोहे और कंक्रीट से ढांचा खड़ा करने की कहानी नहीं है। यह कहानी है नए भारत के उस ऊंचे कल्पनाशिल्प की, जो अब धीमी रफ्तार से संतुष्ट नहीं होना चाहता। यह परियोजना भारत की तकनीकी संप्रभुता, आर्थिक सुदृढ़ता और वैश्विक साख का प्रतीक यानी भारत के भविष्य की आधारशिला है। परियोजना में जमीन अधिग्रहण की बाधाओं, कोविड महामारी के थपेड़ों और लागत में वृद्धि जैसी तमाम चुनौतियों का सीना चीरकर जिस तरह आज वायाडक्ट्स और अंडर-सी टनल का काम अपनी अंतिम परिणति की ओर बढ़ रहा है, उसके मद्देनजर वर्तमान प्रगति को लेकर यह कहा जा सकता है कि भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। क्योंकि साल 2026 में सूरत और बिलिमोरा के बीच होने वाला ट्रायल रन इस बात का उद्घोष होगा कि भारत अब बदल चुका है। जब 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यह ट्रेन भारत की धरती पर दौड़ेगी, तो वह केवल दो शहरों की दूरी को कम नहीं करेगी, बल्कि वह देश के करोड़ों युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान और असीम गति प्रदान करेगी। बुलेट ट्रेन का आना भारत के परिवहन इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जिसका असर आने वाली कई पीढ़ियां महसूस करेंगी।

भारत हमेशा से एक ऐसा राष्ट्र रहा है जिसने अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बैलगाड़ी और भाप के इंजनों से शुरू हुआ हमारा परिवहन का सफर आज वंदे भारत जैसी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों तक पहुंच चुका है। लेकिन, इक्कीसवीं सदी का भारत अब सिर्फ रफ्तार की दौड़ में शामिल नहीं होना चाहता, बल्कि वह दुनिया के विक.सित देशों के समकक्ष खड़े होकर हाई-स्पीड रेल युग का नेतृत्व करना चाहता है।

इस सपने को हकीकत में बदलने का ही नाम है-मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, जिसे आम बोलचाल में हम देश की पहली बुलेट ट्रेन कहते हैं। भारत में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की परिकल्पना लगभग एक दशक पहले की गई थी। साल 2015 में भारत और जापान के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। जापान, जो अपनी शिंकानसेन तकनीक के लिए दुनिया भर में मशहूर है और जिसने पिछले कई दशकों में शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड बनाए रखा है, इस परियोजना के लिए भारत का रणनीतिक साझेदार बना। सितंबर 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अहमदाबाद में इस बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी थी। जापान न केवल भारत को अपनी सबसे सुरक्षित और उन्नत तकनीक का हस्तांतरण कर रहा है, बल्कि बेहद मामूली ब्याज दर पर इस परियोजना के लिए एक बड़ा वित्तीय लोन भी उपलब्ध करा रहा है।

**स्टेशन, रूट और रफ्तार का गणित**

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। यह कॉरिडोर भारत के दो सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इस ट्रैक पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। वर्तमान में मुंबई से अहमदाबाद के बीच पारंपरिक ट्रेनों या सड़क मार्ग से यात्रा करने में 6 से 7 घंटे का समय लगता है। बुलेट ट्रेन के पूरी तरह शुरू होने के बाद यह सफर सिमटकर महज दो से ढाई घंटे का रह जाएगा। यह समय की वह बचत है जो कॉर्पोरेट जगत, व्यापारियों और आम यात्रियों की उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगी। इस पूरे मार्ग में कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। ए स्टेशन किसी आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किए जा रहे हैं, जहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इन स्टेशनों में मुंबई (बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स) इस रूट का एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत स्टेशन होगा। जबकि अन्य स्टेशनों में ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब तक 434 किलोमीटर तक पिलर (खंभों) का निर्माण पूरा हो चुका है। पटरी बिछाने के लिए 343 किलोमीटर से अधिक का वायाडक्ट बनकर तैयार है। गुजरात के सूरत, आनंद और अहमदाबाद जैसे स्टेशनों के विशालकाय ढांचे अब दूर से ही दिखाई देने लगे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सूरत-बिलिमोरा के बीच 2026 के ट्रायल के बाद, वर्ष 2029 से 2030 तक यह पूरा 508 किलोमीटर का कॉरिडोर पूर्ण रूप से चालू होकर देश को समर्पित कर दिया जाएगा।

**समुद्र के नीचे सुरंग से भूकंप अलार्म तक**

यह परियोजना केवल पटरी बिछाने और ट्रेन दौड़ाने का काम नहीं है, बल्कि यह भारत के सिविल इंजीनियरिंग इतिहास की सबसे कठिन और विस्मयकारी परीक्षाओं में से एक है। इस परियोजना का सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक हिस्सा महाराष्ट्र के घनसोली और शिलफाटा के बीच बनने वाली 21 किलोमीटर लंबी सुरंग है। इस सुरंग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका 7 किलोमीटर का हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे, यानी समुद्र के तलहटी के नीचे से गुजरेगा। भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब कोई हाई-स्पीड रेल समुद्र के नीचे से गुजरेगी। इस सुरंग को खोदने के लिए दुनिया की सबसे विशालकाय टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।



श्रीनगर। 'ईद-उल-अज़हा' के त्योहार की खरीदारी को लेकर जाम में फंसे वाहन।

## उद्यमिता को लेकर सोच और मानसिकता में आ रहा बदलाव: दीपक बागला

**नई दिल्ली।** नीति आयोग में अटल इनोवेशन मिशन के डायरेक्टर, दीपक बागला ने कहा है कि भारत में उद्यमिता को लेकर लोगों की सोच और मानसिकता में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है और 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शानदार सफलता, इस बदलते भारत का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। बागला ने सोमवार को यहां आयोजित एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा कि उद्यमिता अब सिर्फ एक वैकल्पिक करियर विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन रहा है।

## अफ्रीका दिवस पर महाद्वीप की एकजुटता, विकास का संकल्प दोहराया

**अदीस अबाबा।** अफ्रीका संघ आयोग के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने 'अफ्रीका दिवस 2026' के ऐतिहासिक अवसर पर वैश्विक मंच पर अफ्रीका के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए महाद्वीप की एकजुटता, विकास और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधारों की वकालत करने का अपना संकल्प दोहराया है। अफ्रीकी संघ की स्थापना की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर यूसुफ ने कहा कि आज अफ्रीका 'अफ्रीकी संघ' की स्थापना के 63 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक मील का पत्थर है जो एकता, स्वतंत्रता, गरिमा और विकास के हमारे सामूहिक प्रयासों को निरंतर प्रेरित करता है।

# भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले में दूर रहे: चीन

## बीजिंग ने कहा यह हमारा आंतरिक मसला, तिब्बत मुद्दे में बाहरी दखल हमे हरगिज मंजूर नहीं

**बीजिंग।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं। दलाई लामा भी इस कार्यक्रम में

■ चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई
■ भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए



शामिल हो सकते हैं। चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई। बयान में कहा गया कि भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए। यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-चीन संबंधों के लिए जरूरी है। चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर पोस्ट कर दलाई लामा के उत्तराधिकार से जुड़ा बयान किया। सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) के नए राजनीतिक प्रमुख पेनपा त्सेरिंग की जीत ने चीन की चिंता बढ़ा दी है। बीजिंग को डर है कि भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व भविष्य में उसकी मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकता है। पेनपा त्सेरिंग ने फरवरी में हुए चुनाव में 61 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल किए थे। नियमों के मुताबिक, 60 प्रतिशत से अधिक वोट मिलने पर उम्मीदवार सीधे विजेता घोषित हो जाता है। इसलिए उन्हें दूसरे दौर के मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। पेनपा त्सेरिंग का जन्म कर्नाटक के बायलाकुप्पे में हुआ था, जहां बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं। उन्होंने चेन्नई के मद्रास क्रिश्चियन कालेज से पढ़ाई की और लंबे समय से निर्वासित तिब्बती राजनीति में सक्रिय रहे हैं। चीन को आशंका है कि अगर उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व के हाथ में रही, तो वे बीजिंग की मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकते हैं।

# ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगा: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ नहीं, विपक्ष ने नाराजगी जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ भी नहीं होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ होने वाले समझौते की आलोचना करने वाले नेताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-जिन्हें ईरान के साथ होने वाले समझौते के बारे में कुछ भी नहीं पता है, वे भी इसकी बुराई कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ये लोग कमजोर हैं और सिर्फ देश को बांटते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उनका संभावित समझौता 2015 के परमाणु समझौते जैसा नहीं होगा। ट्रम्प ने ओबामा के समझौते को आपदा बताया और दावा किया कि उससे ईरान के लिए परमाणु हथियार तक पहुंचने का रास्ता खुल गया था। अभी तक अमेरिका और ईरान के बीच समझौते पर दस्तखत नहीं हो सके। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रविवार को ही दोनों देश सीजफायर बढ़ाने और होर्मुज खोलने को लेकर समझौता कर सकते हैं। ईरान ने ओमान के जरिए अपना मौखिक संदेश अमेरिका तक पहुंचाया। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक मैसेज ओमान के विदेश मंत्री तक पहुंचाया ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान में कोई भी बड़ा फैसला सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना नहीं लिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते को लेकर इजरायल में चिंता बढ़ गई है। एक इजरायली अधिकारी ने कहा है कि इस समझौते से ईरान को यह मैसेज जाएगा कि वह होर्मुज का इस्तेमाल दबाव बनाने के हथियार की तरह कर सकता है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची संभावित अमेरिका-ईरान समझौते पर बातचीत के लिए दोहा पहुंचे हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ हो रही बैठक में होर्मुज स्ट्रेट, ईरान के उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार और फ्रीज फंड्स पर चर्चा हो रही है। ईरानी केंद्रीय बैंक गवर्नर भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। संभावित डील का मकसद क्षेत्रीय युद्ध खत्म करने और तनाव कम करने का रास्ता निकालना है। ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को मोहम्मद बिन सलमान, मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तमिम बिन हमद अल थानी, आसिम मुनीर, रजब तैयब एर्दोआन, अब्देल फतह अल-सिसी, अब्दुल्ला द्वितीय और हामद बिन ईसा अल खलीफा समेत कई नेताओं से बातचीत की। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। इसलिए अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों। यानी कि इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करें। उन्होंने जिन देशों का नाम लिया उनमें सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र और जार्डन शामिल थे। ट्रम्प ने कहा कि यूएई और बहरीन पहले से अब्राहम अकार्ड्स का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों के पास शामिल न होने की 'एक-दो वजहें' हो सकती हैं लेकिन ज्यादातर देशों को इस समझौते के लिए तैयार होना चाहिए।



■ ट्रम्प बोले: मुस्लिम देश इजरायल से रिश्ते सुधारें, ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों

## संभावित समझौते में इजरायल से अच्छी भूमिका की उम्मीद नहीं: बघाई

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम करने वाली किसी भी प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयासों के अलावा और इजरायल से कुछ और उम्मीद नहीं की जा सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते में इजरायल की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए बघाई ने कहा कि अमेरिका में कुछ युद्ध समर्थक समूह, चाहे वे रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट, इजरायल के साथ गठजोड़ बनाए रखते हैं और यही समूह अमेरिका को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अंतहीन युद्धों में धकेलते हैं। बघाई ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान अपने लोगों के कल्याण के बजाय ड्रोन और मिसाइलों पर धन खर्च करता है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसे हथियार अपनी सुरक्षा और आक्रामक युद्धों से बचाव के लिए बनाता है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में ईरान ऐसे दो युद्धों का सामना कर चुका है। उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि वे ईरानी जनता की चिंता करते हैं।

## ट्रम्प की 'ईरानी नीति' ने अमेरिका को गतिरोध में धकेला: मोहसिन रजाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व सैन्य कमांडर मोहसिन रजाई ने कहा है कि हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों और ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के छेड़े गए युद्ध' के बाद क्षेत्र में हुए हालिया घटनाक्रमों ने अमेरिका को पूरी तरह गतिरोध की स्थिति में पहुंचा दिया है। तेहरान के इमाम खुमैनी मुसल्ला में रविवार को अमेरिका-इजरायल युद्ध में मारे गए लोगों की स्मृति में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी सैन्य बल, जो संभवत: अल्पकालिक युद्ध के भ्रम के साथ क्षेत्र में आए थे, अब वह लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की वास्तविकता का सामना कर रहे हैं। उन्होंने खोर्रमशहर की मुक्ति और इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन की पराजय का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष की वर्षगांठ पिछले 12 महीनों में अमेरिकी और जायोनी दुश्मनों के खिलाफ ईरानी राष्ट्र द्वारा किए गए दो और धार्मिक-राष्ट्रीय रक्षा अभियान प्रतिरोधों के साथ संयोगवश आई है। रजाई ने अमेरिकी और इजरायल के शासन के खिलाफ सड़कों से लेकर युद्धक्षेत्र तक ईरानी जनता और सेना की दृढ़ता की सराहना करते हुए कहा कि विचार, आस्था और प्रेरणा में परिवर्तन के कारण ईरान को अपने दुश्मनों पर विजय मिली है।

## संयुक्त राष्ट्र अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता है: गुटेरेस

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को 'अफ्रीका दिवस' के अवसर पर अफ्रीकी देशों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण के लिए अफ्रीका के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है। 'अफ्रीकी संघ' की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी अपने संदेश में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि आज और हर दिन, संयुक्त राष्ट्र उन सभी अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता है जो एक ऐसे शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जिसके हकदार न केवल सभी अफ्रीकी नागरिक हैं, बल्कि हमारी पूरी दुनिया है।



■ गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की

गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के लोगों ने गुलामी और उपनिवेशवाद के विनाशकारी परिणामों का सामना करते हुए आपदा को एकता और संकल्प में बदला है। आज यही साझा संकल्प महाद्वीप में मुक्त व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के विस्तार, नवाचार (इनोवेशन) को बढ़ावा देने और स्थाई शांति की नींव रखने के उद्देश्यों को गति दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस वर्ष के विषय (थीम) 'जल और स्वच्छता' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ये सेवाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य, मानवीय गरिमा और आर्थिक अवसरों की आधारशिला हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण महाद्वीप में लाखों लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को अभी भी इन आवश्यक सेवाओं तक पहुंच नहीं मिल पा रही है। उन्होंने अफ्रीकी देशों को फंड जुटाने, कर्ज राहत तंत्र तक पहुंच बनाने और सौर व पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों में बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए वैश्विक एकजुटता का आह्वान किया।

## कांगो में इबोला के संदिग्ध मामलों की संख्या 900 के पार

**संयुक्त राष्ट्र।** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की निगरानी बढ़ाने के बाद इस देश में अब तक इबोला के 900 से अधिक संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है।

इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिसक संघर्ष में फंसे हुए हैं। इस वजह से शुरुआती दौर में मामले की पहचान करना मुश्किल हो गया है और संकट गहरा गया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेएसस ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि एक्टिव केस-खोज अभियानों के कारण कांगों में इबोला के कुल 904 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इनमें प्रयोगशाला की ओर से पुष्ट किए गए 101 संक्रमण के मामले भी शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिसक संघर्ष में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। टेड्रोस के अनुसार, मौजूदा असुरक्षा और डर की वजह से प्रभावित समुदायों में गहरा अविश्वास पैदा हो गया है।

■ डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

## इमरान पर बनाया जा रहा राजनीति छोड़ने का दबाव: उजमा खानम

### समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही है: उजमा

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन उजमा खान ने दावा किया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर राजनीति छोड़ने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही है।

खानम ने द टाइम्स को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि वह छह महीने पहले अपने भाई से मिली थीं। उस समय उन्हें एकांत कारावास में चार माह का समय गुजर गया था। द टाइम्स की रिपोर्ट में खानम के हवाले से कहा गया कि पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली, तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था और वह बेहद परेशान थे। वह बताते कि किसी को उनसे बात करने की अनुमति नहीं है, यहां तक कि पहरेदारों को भी नहीं। वह बार-बार कहते रहे कि एकांत कारावास से बदतर कुछ नहीं हो सकता। अब इसे लगभग सात महीने हो चुके हैं। वह बताती हैं कि खान ने आखिरी मुलाकात में उनसे कहा था कि उन्हें 'तोड़ने' की कोशिश की जा रही है, लेकिन 'वे सफल नहीं होंगे।' बहन उजमा ने आशंका जताई कि उनके भाई की आंखों की रोशनी जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी दाहिनी आंख से पानी निकल रहा था। मैंने पूछा कि क्या हुआ, लेकिन वह दूसरी बातों को लेकर इतने विचलित थे कि इस पर ज्यादा चर्चा नहीं हो सकी। फरवरी में जब उनके वकील ने उनसे मुलाकात की तो आंख से लगातार पानी बह रहा था और इमरान ने कहा कि उन्हें उससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा। फिर अप्रैल में उन्होंने बताया कि एक सरकारी डॉक्टर ने कहा है कि आंख में खून का थक्का जम गया है और 85 प्रतिशत स्थाई दृष्टि हानि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रोजाना दो घंटे के व्यायाम के अलावा किताबें पढ़ना ही 73 वर्षीय खान को मानसिक रूप से संभाले हुए था। बहनों को जब उनसे मिलने की अनुमति मिलती थी, तब वे हर सप्ताह करीब एक दर्जन किताबें लेकर जाती थीं, लेकिन बाद में यह बंद कर दिया गया।



■ पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था

अदालत जाने के बाद भी केवल पांच किताबों की अनुमति मिली, जिनमें से दो अस्वीकार कर दी गईं। खानम ने कहा कि वे उन्हें तोड़कर समझौता करवाना चाहते हैं और शायद आंख का मामला भी उसी का हिस्सा है। किताबें ही उनके जीवित रहने का सहारा थीं और अब अगर वह पढ़ भी नहीं सकते और किसी से बात भी नहीं कर सकते-उजमा के अलावा अलीमा खानम, और नौरीन नियाजी भी दो बहनें हैं जो इमरान के साथ मानवीय व्यवहार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रही हैं।

## अक्षय कुमार के साथ नजर आईं अक्षरा सिंह गाना 'घिस-घिस' में मचाया धमाल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू द जंगल के नए गाने 'घिस घिस घिस' में नजर आ रही हैं। 'घिस घिस घिस' में अक्षरा सिंह का दमदार अंदाज और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों का दिल जीत रहा है। बॉलीवुड और भोजपुरी का यह अनोखा संगम गाने को और भी खास बना रहा है। गाने को विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। जोशीले संगीत और शानदार डांस मूव्स से भरपूर यह गाना दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है।



## इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी सैयामी खेर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर, विक्रम फडणीस की इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडणीस की आगामी अनटाइटल्ड रोमांटिक ड्रामा फिल्म से अपना दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। इस फिल्म की कहानी इंसानी रिश्तों और भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें प्यार, जज़्बात और रिश्तों की जटिलताओं को बेहद संवेदनशील तरीके से दिखाया जाएगा। जारी किए गए फर्स्ट लुक में सैयामी एक फैशन फोटोग्राफर के किरदार में नजर आ रही हैं। तस्वीर में वह एक प्रोफेशनल कैमरा हाथ में लिए नेचुरल आउटडोर लोकेशन पर दिखाई दे रही हैं। उनका सिंपल और रियलिस्टिक लुक फिल्म के भावनात्मक और जमीन से जुड़े टोन को खूबसूरती से दर्शाता है। इस किरदार के लिए सैयामी ने अपनी रियल लाइफ दोस्त और भारत की मशहूर फैशन फोटोग्राफर तरस तारापोरवाला से प्रेरणा ली है। फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म विक्रम फडणीस के लिए भी बेहद खास है, क्योंकि यह उनकी पहली हिंदी डायरेक्टोरियल फिल्म होगी जो रिलीज होने जा रही है।

## तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को एक नए होल्डिंग सेंटर में भेजा गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तीन बंगलादेशी नागरिकों को सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के लालगोला में बनाए गए नए 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया जिन आरोप है कि ये बिना किसी वैध दस्तावेज के देश में घुसपैठ कर रहे थे। राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिंग सेंटर' में भेजा गया है।

इन घुसपैठियों को नबन्ना (राज्य सचिवालय) की ओर से पश्चिम बंगाल में रह रहे अवैध विदेशी नागरिकों और घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकालने के सख्त निर्देश जारी करने के बाद भेजा गया। पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन तीनों संदिग्ध घुसपैठियों को मुर्शिदाबाद जिले के रानीताला पुलिस थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि वे भारत में रहने की अनुमति देने वाला कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है। परंपरागत रूप से ऐसे घुसपैठियों को गिरफ्तारी के बाद सीधे जेल भेज दिया जाता था।राज्य सचिवालय के नवीनतम दिशानिर्देशों के बाद, प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव किया है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, इन तीनों व्यक्तियों को जेल में रखने के बजाय लालगोला में तैयार किए गए विशेष होल्डिंग सेंटर में भेज दिया गया। हाल ही में, राज्य के गृह विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को एक सख्त निर्देश जारी किया था। इस निर्देश में कहा गया था कि बंगलादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आने वाले लोगों (जिनमें 'विदेशी अधिनियम' के तहत दर्ज रोहिग्या भी शामिल हैं) को अब आम कैदियों के साथ सामान्य जेलों में नहीं रखा जाना चाहिए।

■ राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया
■ हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108